नई दिल्ली
शनिवार, 9 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 116
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 31
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




# ट्रंप के टैरिफ धमाके के बीच प्रधानमंत्री मोदी की पुतिन से हुई बात

भारत-रूस विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने को लेकर जताई प्रतिबद्धता

इस साल रूस के राष्ट्रपति की मेजबानी के लिए उत्सुक है भारत

ब्राजील के राष्ट्रपति के बाद ब्रिक्स के दूसरे राष्ट्राध्यक्ष हैं पुतिन, जिन्होंने पीएम से बातचीत की है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद पर नाराज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ती तनातनी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की है। जिसमें राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम को यूक्रेन से जुड़े हुए ताजा घटनाक्रम से अवगत कराया। जबकि प्रधानमंत्री ने वार्ता के दौरान रूस के राष्ट्रपति को इस साल भारत की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले 23 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। अमेरिकी टैरिफ पर भारत ने बीते दिनों आधिकारिक रूप से अपनी स्थिति को साफ करते हुए कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। रूस से खुद के द्वारा किए जा रहे व्यापार के मध्य ⏩ शेष पेज 5 पर



ब्रिक्स की एकजुटता का प्रमाण...

### *नहीं झुकेगा ब्राजील, राष्ट्रपति लूला की दो टूक*


*अमेरिका की तरफ से ब्राजील पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के मामले पर ब्राजील के राष्ट्रपति ने कुछ दिन पहले ही अपना रुख साफ करते हुए कह दिया था कि वो अमेरिका के राष्ट्रपति की बजाय भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत करना पसंद करेंगे। ट्रंप ने लूला को बातचीत का प्रस्ताव देते हुए कहा था कि वो मुझे फोन पर बात कर सकते हैं, कुछ बात बन सकती है। लेकिन ब्राजील के राष्ट्रपति ने इसके लिए साफ तौर पर इंकार कर दिया था। अपने इसी कथन की पुष्टि उन्होंने पीएम मोदी से बीते 7 अगस्त को फोन पर की गई बातचीत से की है। वहीं, चीन ने भी भारत पर लगाए गए अमेरिका के अधिकतम टैरिफ को उसके द्वारा खुलेआम की जा रही गुंडागर्दी करार देते हुए कहा है कि बदमाश को एक इंच दो, तो वो मील भर ले लेगा। चीन पर अमेरिका ने 30 फीसदी टैरिफ लगाया है। पूर्व में अमेरिकी राष्ट्रपति कह चुके हैं कि रूस से व्यापार करने वाले देशों पर वह 100 फीसदी तक टैरिफ लगाएंगे। यहां एक चौंकाने वाली बात ये है कि दुनियाभर के देशों पर रूस से व्यापार के नाम पर भारी टैरिफ लगाने वाला अमेरिका खुद बड़े पैमाने पर रूस के साथ व्यापार कर रहा है।*

---

ट्रंप बोले मामले के समाधान तक व्यापार समझौते पर सारी बातचीत बंद, विदेश मंत्रालय ने अलापा खुलकर बात करने का राग

# भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर अमेरिका में भ्रम की स्थिति

## अमेरिका ने भारत के रूस से कच्चे तेल की खरीद पर लगाया है 50 फीसदी टैरिफ



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस से लगातार जारी तेल की खरीद को लेकर भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद अमेरिका में घरेलू स्तर पर भ्रम पैदा करने वाली स्थिति बनी हुई है। जिसमें एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति कहीं से भी अपने तल्ख तेवरों में किसी तरह की नरमी के कोई संकेत नहीं दे रहे हैं और उन्होंने शुक्रवार को अपने ओवल कार्यालय में एक भारतीय पत्रकार द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में यहां तक कह दिया है कि टैरिफ के मुद्दे के समाधान तक भारत से व्यापार समझौते पर कोई बातचीत नहीं होगी। तो वहीं, दूसरी ओर अमेरिका का विदेश मंत्रालय भारत को अपना रणनीतिक साझेदार बताते हुए खुलकर बात करने का राग अलाप रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने एक हालिया भाषण में 50 फीसदी टैरिफ के संदर्भ में देश का रुख साफ करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। दुनिया के बाकी देशों की अर्थव्यवस्थाओं की तरह भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा।

### *अधर में लटकी अमेरिकी दल की भारत यात्रा*

*दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत करने के लिए इस महीने की 25 तारीख को एक अमेरिकी दल भारत की यात्रा पर आने वाला था। लेकिन उससे ठीक पहले अमेरिका के राष्ट्रपति के इस बयान ने अमेरिकी दल की स्वदेश यात्रा पर फिलहाल रोक लगा दी है। जबकि पूर्व में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अमेरिकी दल की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच जो चर्चा होगी। उससे कई मुद्दों का समाधान निकल सकता है।*

### *रूस से तेल खरीद पर की सीधी कार्रवाई*

*अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रमुख उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक संवाददाता सम्मेलन में भारत के संदर्भ में पीएम मोदी के एससीओ शिखर सम्मेलन में को लेकर किए जाने वाले चीन के दौरे से जुड़े हुए सवाल के जवाब में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार से जुड़े असंतुलन और रूस से तेल खरीद से संबंधित अपनी चिंताओं को लेकर साफ राय रखते हैं। आपने उन्हें मामले पर सीधी कार्रवाई करते हुए देखा है। पिगॉट ने ये भी कहा कि भारत, अमेरिका का एक रणनीतिक साझेदार है और हम उसके साथ पूरी और स्पष्ट बात करते रहे हैं। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। अमेरिका ने भारत पर दो बार में 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। शुरुआत में जो 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया था। वह बीते 7 अगस्त से लागू हो गया है। जबकि टैरिफ का दूसरा 25 फीसदी का भाग आगामी 21 दिनों यानी 27 अगस्त से लागू हो सकता है।*

---

रक्षा मंत्रालय ने दो टूक अंदाज में खारिज किया रॉयटर्स का दावा

## ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ के बीच भारत ने अमेरिका से नहीं रोकी हथियारों की खरीद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद भारत ने क्या अमेरिका से सैन्य हथियारों की अपनी खरीद पर रोक लगा दी है? इस सवाल का शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से खंडन करते हुए कहा कि इस तथ्य में कोई सच्चाई नहीं है। भारत ने ऐसा कुछ नहीं किया है। दरअसल रॉयटर्स ने अपनी एक खबर में यह दावा किया था कि भारत ने 50 फीसदी टैरिफ बाद अमेरिका से नए हथियारों और विमान खरीद की अपनी योजना को स्थगित कर दिया है यानी उस पर रोक लगा दी है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ रक्षा खरीद संबंधी बातचीत रोकने से जुड़े हुए समाचार झूठे और मनगढ़ंत हैं। खरीद के तमाम मामलों में मौजूदा प्रक्रियाओं के हिसाब प्रगति हो रही है।

## हाईकोर्ट जज को आपराधिक केसों की सुनवाई से रोकने वाला आदेश सुप्रीम कोर्ट ने किया 'रद्द'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने 4 अगस्त के आदेश से दो पैराग्राफ हटा दिए हैं, जिसमें उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक रोस्टर से हटाने का निर्देश दिया था। दरअसल, जज ने टिप्पणी की थी कि धन वसूली विवादों में एक विकल्प के रूप में आपराधिक कार्यवाही की जा सकती है। कोर्ट ने साफ किया कि उसका इरादा उन्हें शर्मिंदा करने या ⏩ शेष पेज 5 पर

---

राज्यों का दिया निर्देश, आरटीई कानून के तहत अनाथ बच्चों को निजी स्कूलों में मिलनी चाहिए मुफ्त शिक्षा

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला...'अनाथ बच्चों' के जीवन में पहुंचे शिक्षा का उजाला

4 सप्ताह के भीतर अधिसूचना के साथ ही अपने क्षेत्रों में बच्चों की संख्या जानने के लिए कराएं सर्वेक्षण



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

क्या अनाथ बच्चे भी स्कूल जा सकते हैं? उन्हें शिक्षा प्रदान करने की तमाम व्यवस्था कौन करेगा? क्या उन्हें भी बाकी बच्चों की तरह बेहतर शिक्षा पाने का अधिकार है? क्या वो भी अच्छी शिक्षा लेकर देश की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं? यह वो तमाम जरूरी सवाल हैं, जिनका सबसे सटीक जवाब किसी और न नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में दे दिया है। अदालत ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वह 2009 के शिक्षा के अधिकार कानून की वंचित श्रेणी में 25 फीसदी आरक्षण के तहत अनाथ बच्चों को शामिल कर चार सप्ताह के भीतर उनका निकटतम निजी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। ताकि उन्हें शिक्षा का अवसर मिल सके। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और केवी विश्वनाथन ⏩ शेष पेज 5 पर

### *4 सप्ताह में राज्य जारी करें अधिसूचना*

*कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, राज्यों को चार सप्ताह के भीतर अधिसूचना जारी कर यह स्पष्ट करना पड़ेगा कि अनाथ बच्चों को आरटीई कानून की धारा 12(1)सी के तहत स्कूलों में दाखिला मिलेगा। पीठ ने उन अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करने के लिए भी कहा है, जिन्हें आरटीई कानून के तहत पहले ही स्कूलों में प्रवेश दिया जा चुका है। इसके अलावा उन बच्चों का भी सर्वेक्षण करना पड़ेगा जो कानून के तहत निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। अदालत ने राज्यों को अपने फैसले में यह भी स्पष्ट किया है कि जो भी अनाथ बच्चे शिक्षा नहीं ले पाए। उसके पीछे की असल वजह क्या है, उसका पता लगाएं? राज्यों को इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा भी दाखिल करना पड़ेगा।*

---

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही

## राखियां बंधवा कर शिवराज बोले, दीदियां स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें

- स्वयं सहायता समूह की दीदियों को संकल्प दिलवाते हुए सभी छह संकल्पों को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को नई दिल्ली में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा बनाई स्वदेशी राखी बांधी और देशभर की दीदियों को संबोधित करते हुए उन्हें छह महत्वपूर्ण संकल्प दिलवाएं। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे एवं देशभर से 700 से ज्यादा स्थानों से दीदियों ने वर्चुअल माध्यम से ⏩ शेष पेज 5 पर

---

अगस्त के अंत में जापान से होते हुए कर सकते हैं प्रधानमंत्री चीन की यात्रा

## एससीओ सम्मेलन के लिए की जा रही पीएम की यात्रा का चीन ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चीन ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए की जा रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तियानजिन की यात्रा को लेकर उनका स्वागत किया है। साथ ही भारत के पड़ोसी देश द्वारा उम्मीद जताते हुए यह भी कहा गया है कि यह सम्मेलन सद्भावना के समावेश, दोस्ती और लाभदायक परिणामों वाला साबित होगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि सभी पक्षों के केंद्रित प्रयासों से तियानजिन में होने वाला एससीओ शिखर सम्मेलन सद्भावना की एकजुटता, मित्रता और फायदेमंद निष्कर्षों वाला आयोजन रहेगा। साथ ही संगठन एक नई तरह की उच्च गुणवत्ता वाले विकास, बढ़ी हुई सद्भावना, समन्वय और उत्पादकता में प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल ⏩ शेष पेज 5 पर

---

## तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए 4200 करोड़ दिए जाएंगे

रक्षाबंधन पर केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला

## पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। रक्षाबंधन से ठीक पहले लिए गए इस फैसले से 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट में लिए इन फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल (और 5 किलोग्राम सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से) के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। इस पर 12,000 करोड़ रुपये का व्यय होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू रसोई गैस की बिक्री पर हुए घाटे के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल विपणन कंपनियों (आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल) को 30,000 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत की है। तेल विपणन कंपनियों को इस क्षतिपूर्ति राशि का वितरण पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। यह राशि बारह किस्तों में दी जाएगी।



**275 तकनीकी शिक्षण संस्थानों में मेरिट स्कीम योजना के प्रस्ताव को मंजूरी:** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 175 इंजीनियरिंग संस्थानों और 100 पॉलिटेक्निक संस्थानों सहित 275 ⏩ शेष पेज 5 पर



आईस पोकर से सीने पर किये गये वार

# पार्किंग विवाद को लेकर हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी जिले के भोगल इलाके में स्कूटर पार्किंग को लेकर हुए विवाद में फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की आईस पोकर से सीने पर वार कर हत्या कर दी गई। इस सिलसिले में दो लोगों को पकड़ा गया है। दोनों आरोपी सगे भाई और मृतक के पड़ोसी है। मृतक का नाम आसिफ कुरैशी (42) बताया गया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें आरोपी बेरहमी से हत्या करते नजर आ रहे हैं। पकड़े गये दोनों आरोपी भाईयों के नाम उज्ज्वल (19) और गौतम (18) हैं।

पुलिस के अनुसार आसिफ कुरैशी जंगपुरा, भोगल के चर्च लेन मकान नंबर 8, ग्राउंड फ्लोर पर परिवार के साथ रहता था। जबकि आरोपी मकान नंबर 7 ए, सेकेंड फ्लोर के रहने वाले हैं। वारदात बृहस्पतिवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे सामने आई। आसिफ की अपने घर के सामने एक स्कूटर खड़ा करने को लेकर उज्जवल से बहस हुई। इसके बाद झगड़ा इतना बढ़ गया कि आसिफ पर सुए से हमला किया गया, जिससे उनके सीने में गहरा घाव हो गया। वह घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया। इसके बाद उसे एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने आसिफ को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) और 3(5) (साझा मंशा) के तहत हजरत निजामुद्दीन थाने में मामला दर्ज किया गया है।

डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला कि पेशे से संगीतकार उज्व्वल घर लौटा और अपना स्कूटर आसिफ के घर के पास खड़ा कर दिया। आसिफ ने उसे वहां से स्कूटर हटाने को कहा। इससे नाराज होकर वह अपने भाई गौतम के साथ लौटा और आसिफ पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि उज्व्वल का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, जबकि गौतम पहले झगड़े के एक मामले में पकड़ा जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद दोनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा, घटनाक्रम और हमले में प्रत्येक आरोपी की भूमिका का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि घटना में कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं मिला है।

### पत्नी ने लगाया पूर्व नियोजित हत्या का आरोप

मृतक की पत्नी शाहीन कुरैशी ने आरोप लगाया कि हत्या पूर्वनियोजित थी और उनके पति पर पहले भी इन्हीं लोगों ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब एक युवक ने हमारे दरवाजे के पास स्कूटर खड़ा कर दिया जिससे प्रवेश द्वार अवरुद्ध हो गया। जब मेरे पति ने उससे स्कूटर थोड़ा हटाने का अनुरोध किया, तो कथित तौर पर उस युवक ने गालियां देनी शुरू कर दीं। शाहीन ने बताया कि युवक ने कहा था कि वह स्कूटर हटा देगा, लेकिन वह और लोगों के साथ वापस आया और गालियां देने लगा। उन्होंने कहा कि उज्व्वल ने अचानक आसिफ के सीने पर वार कर दिया। वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े। मैंने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन मुझे धक्का दे दिया गया। फिर युवकों के साथ रहने वाले कुछ और लोगों ने भी उन पर हमला किया और गालियां दीं। शाहीन ने बताया कि पिछले साल नवंबर में भी इन्हीं लोगों ने उनके पति पर हमला किया था। उन्होंने कहा, वे उनसे ईर्ष्या करते थे। यह कोई अचानक हुआ झगड़ा नहीं था। उन्होंने जानबूझकर ऐसा किया।

### आसिफ करता था मीट सप्लाई

शाहीन ने बताया कि उनके पति मांस आपूर्तिकर्ता थे और हत्या में शामिल लोगों या उनके परिवार से बहुत कम बातचीत करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि हमने उनसे कभी बात नहीं की। हम मोहल्ले में अपने ही ग्रुप में बैठते थे। उन्होंने बिना किसी वजह के उनके साथ दुश्मन जैसा बर्ताव किया।

### बीच बचाव में नहीं आया कोई पड़ोसी

आसिफ के रिश्तेदार और अभिनेत्री हुमा कुरैशी के पिता सलीम कुरैशी ने कहा कि जब उन्हें फोन आया, तब वह अपने घर पर थे। सलीम ने आसिफ को एक सीधा-सादा और मेहनती इंसान बताते हुए कहा कि आसिफ रेस्तरां में मांस की आपूर्ति करता था। उन्होंने कहा कि हत्या के समय कोई भी उसे बचाने नहीं आया। सलीम ने इसे एक मामूली बात पर हुआ जघन्य अपराध बताया। यह एक छोटी सी बात पर हुई हत्या है। यह दर्शाता है कि हमारे समाज में लोग कितने असहिष्णु हो गए हैं। लोग छोटी-छोटी बातों पर मारे जा रहे हैं।

बिजली की तारों, हाईटेंशन लाइन से बनाये रखे दूरी

## बीएसईएस ने की पतंग उड़ाने में सावधानी बरतने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस ने दिल्ली के पतंगबाजों से अपील की है कि वह बिजली की तारों , हाईटेंशन तारों व ट्रांसफार्मरों से दूरी बनाकर सावधानी के साथ पतंगबाजी करें। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि बेशक पतंग उड़ाओ लेकिन इस प्रकार की दूसरों को परेशानी न हो। कंपनी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बाकायदा पोस्ट कर लोगों से सावधानी से पतंगबाजी की अपील की है। पोस्ट में बीएसईएस ने लिखा है कि पतंग उड़ाना चौंकाने वाला नहीं होना चाहिए! कंपनी ने पतंगबाजों से कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर, अपनी पतंगों को उड़ने दें, खतरों को नहीं। कंपनी ने चेताया कि धातु (मेटल) - लेपित मांझे से बचें और बिजली के तारों या विद्युत प्रतिष्ठानों के पास कभी भी पतंग न उड़ाएँ। कंपनी ने चेताया कि इससे जानलेवा झटके, बिजली के तार टूट सकते हैं और बिजली गुल हो सकती है। आज़ादी का जश्न शक्ति के साथ मनाएँ, घबराएं नहीं। बता दें कि पतंगबाजी के दौरान कई बार मैटेलिक मांझे की वजह से करंट लगने जैसी घटनाएं सामने आई है जिसमें घंटो बिजली गुल हो जाती है। मैटेलिक मांझा जैसे ही बिजली की तारों से संपर्क में आता है कई बार जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए लोगों से अपील की जाती है कि वह पतंगबाजी के समय कुछ सावधानियां बरते।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीरज कुमार पुत्र** राकेश कुमार, **निवासी** ई–339, गली नं0–02, आली विहार, शिव शक्ति मंदिर गली, सरिता विहार, नई दिल्ली, ने **FIR No. 377/2021, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीरज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीरज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 377/2021, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नीरज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
दक्षिण–पूर्व, मुख्य न्यायालय भवन,
कमरा नं0–510, साकेत न्यायालय परिसर, नई दिल्ली
DP/10518/SE/2025
(Court Matter)

## पुलिस मुख्यालय में इंटरस्टेट कॉर्डिनेशन मीटिंग आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले दिल्ली पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने में जुटी है। इसी कड़ी में विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय स्थापित करने की पुरजोर कोशिशें हो रही है। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस मुख्यालय में एक अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई।

दिल्ली के पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय खुफिया प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। विशेष पुलिस अधीक्षक परिवहन प्रभाग, विशेष प्रकोष्ठ, कानून एवं व्यवस्था प्रभाग, अपराध, खुफिया प्रभाग, सुरक्षात्मक सुरक्षा प्रभाग, यातायात प्रभाग, संयुक्त पुलिस अधीक्षक रेंज, सुरक्षा, यातायात, खुफिया और उप पुलिस अधीक्षक जिला, सुरक्षा, आईजीआई, रेलवे और मेट्रो के अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने खुफिया जानकारी और सीमा पर जांच, संदिग्ध तत्वों की जांच आदि सहित आतंकवाद-रोधी उपायों पर चर्चा की। खुले क्षेत्रों से पैराग्लाइडर, ड्रोन और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं की आवाजाही से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। किसी भी संदिग्ध तत्व वाहन की आवाजाही के बारे में अग्रिम सूचना देने पर जोर दिया गया। एनसीआर में सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोहों और अवैध हथियारों के साथ नशीले पदार्थों की आपूर्ति से संबंधित घटनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्वतंत्रता दिवस समारोहों के दौरान यातायात प्रतिबंधों और सीमाओं पर अनधिकृत घुसपैठ को रोकने के लिए कदम उठाने की योजना बनाई गई है। अन्य राज्यों के सभी अधिकारियों से इसके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सहयोग और समन्वय करने का अनुरोध किया गया है।

### आभूषण लूटने के आरोप में दो नाबालिग पकड़े

नई दिल्ली। सुल्तानपुरी इलाके में एक लड़की को सम्मोहित कर उसके गहनें लूटने के आरोप में दो नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। इनकी उम्र 16 और 17 वर्ष है। पुलिस ने बताया कि तीन अगस्त को पूठ कलां बस स्टॉप के समीप शिकायतकर्ता 17 वर्षीय लड़की के पास दो लड़के आए, जिन्होंने उसे सम्मोहित करने के बाद उसकी सोने की बालियां, एक लॉकेट और एक चेन छीन ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की और जांच के आदेश दिए। एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच करने और स्थानीय मुखबिरों से जानकारी एकत्र करने के बाद 16 और 17 साल के दो नाबालिगों के इस घटना में शामिल होने की बात सामने आई। सुल्तानपुरी सी ब्लॉक में छापेमारी की गई, जहां भागने का प्रयास कर रहे एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया। उसके पास से चोरी किए गए आभूषणों में से सोने का एक लॉकेट बरामद किया गया है। उसकी निशानदेही पर डी ब्लॉक में एक और छापेमारी की गई, जिसमें उसके सहयोगी को भी पकड़ लिया गया। बची बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बदरपुर इलाके में डीटीसी बस में घुसकर परिचालक को लूटा, दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बदरपुर इलाके में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस के एक परिचालक से चाकू की नोंक पर लूटपाट करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम गोपाल गुप्ता (25) और बाबू मिश्रा उर्फ चिरंजीवी (27) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार यह घटना बृहस्पतिवार शाम उस समय हुई थी जब बस मोरी गेट से लौट रही थी और मेन मथुरा रोड पर बदरपुर बॉर्डर यू-टर्न के पास पहुंची थी। परिचालक पिंटू यादव ने पुलिस को बताया कि दोनों यात्री उसके साथ बहस करने लगे। इसके बाद उन्होंने चाकू निकाल लिया और हमला किया। बाद में उसके साथ लूटपाट की गई। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने डीटीसी बस परिचालक के 455 रुपये लूट थे। पीसीआर कॉल मिलने के बाद बदरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोपियों की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई। बस के अंदर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। कई जगहों पर छापेमारी करने के बाद दोनों संदिग्धों को तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन के पास एक पार्क से गिरफ्तार कर लिया गया। मिश्रा पहले भी डकैती सहित दो आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है, जबकि गुप्ता के खिलाफ आर्म्स एक्ट, चोरी एवं लूटपाट सहित करीब सात मामले विभिन्न थानों में पहले से दर्ज हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजकुमार, पुत्रः श्री गजेंद्र पाल सिंह, पताः म.नं. 652, गली नं. 13, मोंडोली एक्सटेंशन, दिल्ली** ने **FIR No. 321/2015, U/s 279/337/338 IPC, पुलिस थाना आई.पी. एस्टेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजकुमार** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजकुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 321/2015, U/s 279/337/338 IPC, पुलिस थाना आई.पी. एस्टेट, दिल्ली** के अभियुक्त **राजकुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
सेंट्रल जिला, कमरा नं. 150
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/10488/CD/2025

## प्रदेश कांग्रेस ने की आप सरकार के दौरान निगम प्रॉपर्टी टैक्स में भ्रष्टाचार की जांच की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मांग की है कि दिल्ली नगर निगम में पूर्व की आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान प्रॉपर्टी टैक्स में हुए भ्रष्टाचार की जांच की जानी चाहिए। वहीं यादव ने कहा कि कांग्रेस वर्तमान में भाजपा द्वारा निगम निजी कंपनियों की एंट्री का भी पुरजोर विरोध करती हैं । जबकि यादव ने शुक्रवार को सिविक सेंटर में कांग्रेसी पार्षदों के साथ निगमायुक्त अश्विनी कुमार से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस वर्ष निगम ने लगभग 2,163 करोड़ रुपये की वसूली करीब 13 लाख टैक्सदाताओं से की है। जबकि दिल्ली में लगभग 40 लाख संपत्तियाँ हैं। योजना के तहत करीब 27 लाख संपत्ति मालिकों को सर्वे के नाम पर परेशान किया जाएगा और उन पर नोटिस जारी होंगे जिसका हम विरोध करते हैं। यादव ने कहा कि निजीकरण भाजपा की ही देन है और दिल्ली में संपत्ति कर की वसूली को 5-10 प्रतिशत की दर पर निजी कंपनियों के हाथों में सौंपकर भाजपा निगम में एक और भ्रष्टाचार को अंजाम देने की राह तलाश रही है। जबकि इसकी नींव पूर्व निगम में सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी ने रख दी थी। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सम्पति कर में आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए। वित्तिय वर्ष 2025 में निगम ने 4000 करोड़ सम्पति कर वसूली का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को प्रस्तावित संपत्तिकर निपटान योजना के अंतर्गत पिछली वर्षों के सभी प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज और पेनल्टी को माफ करने के साथ एक मुश्त राशि को जमा करने के शर्तों को भी खत्म करना चाहिए।

### महेंद्रा पार्क इलाके में रेस्टोरेंट पर मारपीट और फायरिंग

नई दिल्ली। महिंद्रा पार्क थाना एरिया में गोलीबारी की घटना सामने आई है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं क्षेत्र में बढ़ते अपराध को लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति व गुस्सा है। लोगों का कहना है कि पीसीआर पर नये रंग रूट तैनात किये गये हैं, जो हमेशा मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते हैं। उनके पास में कोई अपराध हो जाए तो भी उनका ध्यान उस ओर नहीं जाता। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को शिकायतकर्ता निखिल सक्सेना (22) निवासी संजय नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह और उसका दोस्त माणिक हेलो चाइना फास्ट फूड पर थे, तभी तीन लोग स्कूटर पर आए और उन पर हमला किया। बाद में उन्होंने उन पर गोली चला दी। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी उनसे व्यक्तिगत रंजिश रखते थे। इस संबंध में महिंद्रा पार्क थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस का कहना है कि संदिग्धों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। घटनास्थल सीसीटीवी कैमरे की जद में नहीं पाया गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचकूला मैट्रोपोलिटन डॅवलपमेंट अथोरिटी | वाणिज्यिक और मनोरंजनात्मक प्रयोजनों हेतु साथ लगते स्थलों के उपयोग के लिए प्रस्ताव सहित शहर से गुजरने वाले दो अदद जल धारा का सौन्दर्यीकरण और कायाकल्प :- ए) एमडीसी से राजीव इन्द्रा कॉलोनी, पंचकूला तक जल धारा, बी) सेक्टर-1 से औद्योगिक क्षेत्र फेज-I, पंचकूला तक सिंह नाला सीएचओएई (3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत)। | 07.08.2025 01.09.2025 | 76,42,39,573/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467840132 xen3.pmda@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/37509/I/88/7 दि. 08.08.25

सड़कों पर रेंगते नजर आए वाहन

## स्वरूप नगर से आदर्श नगर तक लगा लंबा जाम, घंटों फंसे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रक्षा बंधन जैसे महत्व पर्व के दिन राजधानी में यातायात व्यवस्था ध्वस्त रही। जीटी रोड स्थित मुकरबा चौक के पास स्वरूप नगर से जहांगीरपुरी होते हुए आदर्श नगर, आजादपुर पुलिस थाने के पास तक लंबी वाहनों की कतारें लगी रहीं। कई स्थानों पर तो जाम इतना लंबा था कि लोग घंटों तक फंसे रहे, जिससे बुजुर्ग, बच्चे और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर वाहन रेंगने को मजबूर हुए। स्थानीय लोगों ने दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक विभाग से अपील की है कि भविष्य में ऐसे हालात से निपटने के लिए पुख्ता कदम उठाए जाएं, ताकि त्योहारों पर खुशियों का माहौल जाम और परेशानियों में न बदल सके।



### वाहनों का दबाव बढ़ते ही ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था चरमरा गई

स्थानीय निवासियों के अनुसार, त्योहार के दिन लोग अपने परिजनों से मिलने और राखी बांधने के लिए घरों से निकले, लेकिन मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ते ही ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था चरमरा गई। जाम के कारण कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए, वहीं एंबुलेंस और सार्वजनिक परिवहन भी घंटों जाम में फंसे रहे। लोगों को पैदल भी चलने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं, जहांगीर पुरी टी प्वाइंट पर पुलिस भी वाहनों को नियंत्रित करते हुए नजर आई। वाहन चालकों का कहना है कि ऐसे अवसरों पर पहले से वैकल्पिक मार्ग तय कर, ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में आवाजाही सुचारु रहे। वहीं, नागरिकों का कहना है कि त्योहारों के दिनों में प्रशासन को विशेष यातायात योजना बनानी चाहिए, जिससे लोगों का उत्सव खुशी और सुविधा के साथ मन सके।

### बारिश नहीं होने से बढ़ने लगा तापमान, गर्मी ने किया परेशान

नई दिल्ली। दिल्ली गत कई दिनों से बारिश नहीं होने से अब उमस व गर्मी बढ़ने लगी है। हालात यह है कि सूरज के तेवर कड़े होने से एक बार फिर लोगों ने एसी आदि बिजली के उपकरणों को अधिक चलाना शुरू कर दिया है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा सफदरजंग में 36.2 डिग्री, पालम में 35.7 डिग्री, लोधी रोउ 35.6 डिग्री, रिज एरिया 34.3 डिग्री, आया नगर 35.4 डिग्री, पूसा 34.1 डिग्री, नजफगढ़ 35.3 डिग्री और मयूर विहार में 33.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने बताया कि पिछले 24 घंटे में आंकड़े लायक कहीं कोई बारिश दर्ज नहीं हुई। आईएमडी ने अनुमान जताया कि रक्षा बंधन के दिन शनिवार को सुबह से शाम के बीच कहीं कहीं हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। गरज व चमक देखने को मिल सकती है।

**पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: 23, द्वितीय मंजिल, नार्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली -110026
CIN: L45202DL1985PLC019746
वेबसाइट: www.panaficindustrialsltd.com ई–मेल: panafic.industrials@gmail.com दूरभाष: 011-25223461

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के कथन**

(रू० लाखों में)

| | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वार्षिक |
|---|---|---|---|---|
| | 30-जून-25 | 31-मार्च-25 | 30-जून-24 | 31-मार्च-25 |
| | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| संचालन से कुल आय (नेट) | 26.09 | 24.72 | 17.89 | 65.87 |
| कर से पहले सामान्य कार्यकलापों से नेट लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पहले) | **5.83** | **(1.53)** | **4.45** | **4.17** |
| कर से पहले सामान्य कार्यकलापों से नेट लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 5.83 | **(1.53)** | **4.45** | **4.17** |
| कर के बाद सामान्य कार्यकलापों से नेट लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 5.83 | **(1.53)** | **4.45** | **2.84** |
| कर एवं गैर नियंत्रित ब्याज के बाद कुल व्यापक आय | 5.83 | **(1.53)** | **4.45** | **2.84** |
| चुकता इक्वीटी शेयर कैपीटल | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 |
| रिजर्व, रीवैल्यूवसन रिजर्व को छोड़कर पिछले वर्ष के तुलन पत्र के खातों के अनुसार | 173.70 | 158.11 | 169.17 | 172.66 |
| प्रति शेयर आय (संचालन जारी एवं बंद करने के लिए) | | | | |
| मूल | 0.01 | 0.00 | 0.01 | 0.00 |
| तरल | 0.01 | 0.00 | 0.01 | 0.00 |

**टिप्पणीयाँः**

1. उपरोक्त परिणामों का कम्पनी के लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और सिफारिस की गई और निदेशक मंडल की 7 अगस्त, 2025 की बैठक में अनुमोदित किये गये।
2. जून 30, 2025 को उपरोक्त वित्तीय परिणामों को कम्पनीज अधिनियम, 2013 ("धारा") की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक ("आईएनडी एएस") के उसके अन्तर्गत साथ में पठित जारी प्रासांगिक नियमों एवं सेबी (लिस्टिंग दायत्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं), विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अनुसार तैयार किये गये।
3. जून 30, 2025 को समाप्त तिमाही के परिणामों का वैधानिक परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा की गई।
4. कम्पनी की गतिविधि केवल एक व्यावसाय खण्ड में आती है इसलिए कम्पनी पर खण्डवार रिपोर्टिंग लागू नहीं है।
5. पिछली अवधि के आकड़े जहाँ पर आवश्यक हो, समूहीकृत/पुनःवर्गीकृत किये गये हैं।
6. उपरोक्त परिणाम मुम्बई स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com एवं कम्पनी की वेबसाइट www.panaficindustrialsltd.com पर उपलब्ध हैं। निम्न क्यूआर कोड वित्तीय परिणामों को देखने के लिए है।

निदेशक मंडल की ओर से उनके लिए
पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड
हस्ता०/–
सरिता गुप्ता
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 00113099

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 7 अगस्त, 2025

### 'श्रमिकों के पंजीकरण के लिए 25 और नवीनीकरण के लिए 20 रुपये वसूलती रही पूर्व सरकार'

# पूर्व सरकार के पास थी 5200 करोड़ की राशि, श्रमिकों के हितों के लिए नहीं किए खर्च : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा सत्र के पांचवे दिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्रमिक नीतियों से जुड़ी सीएजी रिपोर्ट पर सदन में कहा कि दिल्ली की पूर्व सरकार ने अपने कार्यकाल में श्रमिकों के हितों में बड़ी घोषणाएं की लेकिन उन पर अमल नहीं किया। पूर्व सरकार के पास श्रमिक फंड में 5200 करोड़ रुपये की राशि बिना उपयोग के पड़ी रही, जबकि श्रमिक सहायता की प्रतीक्षा करते रहे। पूर्व सरकार की श्रमिक विरोधी मानसिकता का यह हाल था कि वह श्रमिकों के पंजीकरण के लिए 25 रुपये और नवीनीकरण के लिए 20 रुपये वसूलती रही, जबकि केंद्र सरकार यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क देती है। इस अतिरिक्त शुल्क के चलते श्रमिकों का वार्षिक डाटा केवल 7 प्रतिशत ही नवीनीकरण हो सका, जबकि केंद्र का डाटा 100 प्रतिशत रिन्यू होता है।

दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को भवन व अन्य सन्निर्माण श्रमिकों के कल्याण पर 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) का प्रतिवेदन पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली आप सरकार के श्रम विरोधी कार्यकलापों का कच्चा चिट्ठा पेश किया और कहा कि सर्वोच्च न्यायालय को तब हस्तक्षेप करना पड़ा, जब दिल्ली सरकार के पास श्रमिकों के कल्याण के लिए हजारों करोड़ रुपये की राशि होते हुए भी उसे खर्च नहीं किया गया। न्यायालय ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए यह स्पष्ट कहा था कि यदि सरकार के पास मजदूरों को 8 हजार रुपये की सहायता देने का प्रावधान था, तो केवल 2 हजार रुपये क्यों दिए गए? शेष 6 हजार रुपये की राशि किस कारण नहीं दी गई? मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन योजनाओं का लाभ दिल्ली के लाखों श्रमिकों को मिलना चाहिए था, वह उनके अधिकार के होते हुए भी नहीं मिल पाया। 5200 करोड़ रुपये की राशि श्रमिक फंड में बिना उपयोग के पड़ी रही, जबकि श्रमिक सहायता की प्रतीक्षा करते रहे। सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करते हुए तत्कालीन सरकार को 90 हजार श्रमिकों के खातों में 8 हजार रुपये की राशि डालने का आदेश देना पड़ा। मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट के तथ्यों के हवाले से बताया कि पूर्व सरकार द्वारा प्रसूतियों, दिव्यांगता, औज़ारों की खरीद, आवास सहायता, पारिवारिक पेंशन, दुर्घटना मुआवजा, और कौशल प्रशिक्षण जैसी योजनाओं के लिए आवंटित निधि को वर्षों तक या तो खर्च नहीं किया गया या नगण्य उपयोग हुआ। उदाहरण के लिए, टूल सहायता योजना के अंतर्गत 2018 से 2024 तक किसी भी वर्ष एक भी श्रमिक को 20 हजार रुपये की सहायता नहीं दी गई, जबकि यह राशि श्रमिक की आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण होती।

## विधानसभा में पेश जीएसटी (संशोधन) विधेयक ध्वनिमत से पारित

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में गुरुवार को पेश किया गया 'दिल्ली वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025' गुरुवार को ध्वनिमत से पारित हो गया है। इस पर विधेयक पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से सरकार ने कर सिस्टम को सरल बनाने, अनुपालन को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में व्यापारियों व करदाताओं को ठोस राहत देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मुख्यमंत्री बताया कि यह संशोधन दो प्रमुख विधायी पैकेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। पहला पैकेज जुलाई 2023, अक्तूबर 2023 और जून 2024 में आयोजित जीएसटी परिषद की बैठकों में स्वीकृत 45 संशोधनों को सम्मिलित करता है, जिसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा करने की समय सीमा बढ़ाना, पंजीकरण और रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाना, जीएसटी अपीलीय अधिकरण की स्थापना करना, और ब्याज तथा जुर्माने पर राहत के लिए एक एमनेस्टी स्कीम (राहत) की शुरुआत शामिल है।

### पूर्व वित्त मंत्री आतिशी पर कटाक्ष

विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व वित्त मंत्री आतिशी पर भी तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आतिशी अब उन संशोधनों पर सवाल उठा रही हैं, जिनकी बैठक में उन्होंने भाग ही नहीं लिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली की वित्तीय जिम्मेदारी जिनके हाथों में थी, वह इन महत्वपूर्ण बैठकों से अनुपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि आतिशी न केवल 55वीं जीएसटी परिषद की बैठक से अनुपस्थित रहीं, बल्कि पहले की कई बैठकों में भी उन्होंने भाग नहीं लिया। उन्होंने कहा कि यदि पूर्ववर्ती सरकार संस्थागत प्रक्रियाओं का सम्मान करती, तो दिल्ली को और अधिक लाभ मिल सकता था।

## स्कूल फीस विधेयक बहुमत के आधार पर विधानसभा में पारित

- शिक्षा विधेयक अभिभावकों के हक का है पहरेदार : मुख्यमंत्री
- सुनिश्चित किया है कि फीस बढ़ाने में अभिभावकों के हाथ में वीटो पावर हो : आशीष सूद

**नई दिल्ली**। 'दिल्ली स्कूल शिक्षा 'फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता विधेयक 2025' शुक्रवार को देर रात चली विधानसभा की कार्यवाही में बहुमत के आधार पर पारित हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन में कहा कि यह विधेयक शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा और जनता में विश्वास पैदा करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह विधेयक राजधानी के लाखों अभिभावकों के अधिकारों की रक्षा करने वाला एक यथार्थपरक और निर्णायक कानून है। यह विधेयक न केवल निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाएगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, न्याय और जवाबदेही की नई बुनियाद रखेगा। सदन में यह विधेयक बहुमत के आधार पर पारित कर दिया गया। सदन में शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद ने भी विधेयक के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद और झूठा करार दिया। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सदन को बताया कि विपक्ष द्वारा फैलाया गया यह आरोप कि हम निजी स्कूलों को 10 प्रतिशत फीस वृद्धि की अनुमति देंगे, पूरी तरह झूठ है। इस बिल में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने संवेदनशीलता और दूरदर्शिता से इस बिल के हर प्रावधान को तैयार कराया है, जिसमें अभिभावकों का हित केंद्र में है। सूद ने बताया कि हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि फीस बढ़ाने में अभिभावकों के हाथ में वीटो पावर हो, पांच में से एक भी सदस्य सहमत न हो, तो फीस नहीं बढ़ेगी। यह प्रावधान दिल्ली के 18 लाख बच्चों और उनके अभिभावकों को सीधा लाभ देगा।

## भाजपा सरकार के जीएसटी संशोधन बिल से आम व्यापारियों की बढ़ेगी परेशानी : आतिशी

दिल्ली विधानसभा में भाजपा सरकार द्वारा लाए गए जीएसटी संशोधन बिल से चिंतित व्यापारियों के मुद्दे को आम आदमी पार्टी ने सदन में पुरजोर तरीके से उठाया। 'आप' की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार के जीएसटी संशोधन बिल से आम व्यापारियों की परेशानी और बढ़ जाएगी। सरकार अब व्यापारियों से किसी भी फार्मेट में कागज मांग सकती है। इससे दिल्ली के व्यापारी परेशान हैं। साथ ही बीजेपी सरकार एसईजेड को टैक्स पर छूट देने की बात कह रही है। इस तरह के व्यापारी केवल बीजेपी के खास दोस्त ही हैं। इन्हें तो छूट दी जाएगी और दिल्ली के आम व्यापारियों पर तरह-तरह नियम थोपे जा रहे हैं। इसका हम विरोध करते हैं।

# मुख्यमंत्री ने स्वच्छता प्रहरियों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सेवा सदन में दिल्ली के स्वच्छता प्रहरियों (पुरुष व महिलाएं) को राखी बांधकर उन्हें भाव-विभोर कर दिया। मुख्यमंत्री ने उनसे वचन मांगा कि वे दिल्ली को हमेशा के लिए 'कूड़े से आजाद' कर दें। मुख्यमंत्री के मान से गदगद सुरक्षा प्रहरियों ने भी उन्हें वचन दिया कि वे इस माह 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' दिलाने में जी-जान तो लगा रही रहे हैं, यह कार्य वे हमेशा करते रहेंगे। सदन का वातावरण आज भावनाओं, स्नेह और सौहार्द से भरपूर नजर आया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दिल्ली आपकी मेहनत को नमन करती है। आप दिल्ली को कूड़े से आजाद करने के लिए जितनी मेहनत करते हो, उसे शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। आपके सहयोग से ही 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' दिलाने की हमारी प्रतिबद्धता संभव है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली को साफ और स्वच्छ बनाने में आपका सहयोग लगातार मिल रहा है। स्वच्छता प्रहरियों ने भी कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि दिल्ली में मुख्यमंत्री ने हमें इस पवित्र उत्सव पर बुलाकर हमारा मान-सम्मान किया। उन्होंने 'दीदी' को आशीर्वाद दिया कि आप दिल्ली के लिए लगातार अच्छा करती रहें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज रक्षाबंधन के पावन पर मैं आप सभी के मान, सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लेती हूं।

# रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर बाजारों में रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को दिल्ली के अधिकांश बाजारों में खूब रौनक रही। खरीदारी करने वालों की उमड़ी भीड़ से जहां बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं थी वहीं सड़कों पर जगह जगह लगे जाम के तामझाम में फंसे वाहनों की स्पीड पर ब्रेक लग गया। लोगों को मिनटों के सफर के लिए घंटो लग गए। बाजारों में मिठाई की दुकानों, राखी बेचने वाले, फल व फूल बेचने वाले, कपड़े व रेडीमेड कपड़े विक्रेताओं आदि की दुकानों पर शाम से लेकर देर रात तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही। जहां बहनें अपने भाईयों के लिए खरीदारी करने में लगी रही, वहीं भैया व परिवार के लोग भी बहनों को उपहार देने के लिए खरीदारी करने में लगे रहे। रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर दोपहर तक बाजार एक तरह से आम दिनों की तरह ही ग्राहक देखने को मिले। लेकिन दो बजे के बाद जैसे जैसे दिन ढलने लगा वैसे वैसे बाजारों व सड़कों पर भीड़ बढ़ने लगी। शाम पांच बजे के बाद दिल्ली के अधिकांश छोटे बड़े बाजारों में ग्राहकों की भीड़ इस कदर देखने को मिली की दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। लाजपत नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी, साकेत, चाणक्यपुरी जैसी महंगी मार्केट हो या फिर चांदनी चौक, सदर बाजार, कनॉट पैलेस, मुखर्जी नगर जैसे मध्यम बाजार आदि सभी में भीड़ देखने को मिली।

# कुलजीत चहन ने नवयुग स्कूल के बच्चों के साथ मनाया त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने मंदिर मार्ग स्थित नवयुग स्कूल में बच्चों के साथ त्योहार मनाकर प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के बंधन का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक कृतिका चौधरी, विद्यालय की प्राचार्या और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।विद्यालय परिसर में लगी प्रदर्शनी में बच्चों की कलाकृतियों और रचनात्मकता को देखकर चहल ने उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राखी केवल धागा नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक है। यह हमें प्रियजनों की रक्षा और देखभाल के साथ-साथ प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच विश्वास और सहयोग का बंधन मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

## पुलिस अधिकारियों ने स्कूली बच्चों संग मनाया रक्षा बंधन

नई दिल्ली। बाहरी जिले के पुलिस अधिकारियों ने सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्कूली बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाया। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि यह समारोह कई स्कूलों और 'प्लेग्रुप' में आयोजित किया गया, जहां अधिकारियों ने रक्षाबंधन समारोह में भाग लिया और छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक संबंधों को मजबूत करना और पुलिस के विभिन्न कार्यों के साथ उनके संवेदनशील पक्ष को उजागर करना है। सरस्वती विहार और रानी बाग स्थित मदर्स प्राइड में मंगोलपुरी के एसीपी मुरारी लाल और कानून एवं व्यवस्था अधिकारी भवानी सिंह ने बच्चों के साथ कार्यक्रम में शिरकत की। पश्चिम विहार पश्चिम में श्री राम वंडर इयर्स के बच्चों ने स्थानीय थाने में पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। थाना प्रभारी देविंदर सिंह और उनकी टीम ने इस समारोह में हिस्सा लिया। मंगोलपुरी स्थित कामधेनु स्कूल में एडिशनल डीसीपी मनोज कुमार मीणा और थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया।

### निगम ने लगभग 200 टन उठाया कूड़ा

# एमसीडी ने रेलवे लाइन पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा 1 अगस्त 2025 से चलाए जा रहे दिल्ली को ' कूड़े से आजादी अभियान ' के अंतर्गत रेलवे लाइनों पर विशेष सफाई अभियान चलाया। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सफाई अभियान के अंतर्गत अपने मध्य, करोल बाग, सिविल लाइंस, नरेला और केशवपुरम जोनों में स्थित रेलवे लाइनों से लगभग 200 टन कूड़ा उठाया।

दिल्ली नगर निगम ने सफाई अभियान के सातवें दिन भारतीय रेलवे के साथ मिलकर सफाई अभियान का संचालन किया। दिल्ली नगर निगम ने नरेला जोन के स्वतंत्र नगर इलाके में स्थित रेलवे लाइन पर सघन सफाई अभियान चलाया, केशव पुरम जोन के जे.जे. कॉलोनी चौकी नंबर 4, अशोक विहार के लाल बाग,आजादपुर, मीत नगर सबोली आदि पर स्थित रेलवे लाइनों से कूड़ा हटाया। इसके साथ ही निगम ने रेलवे लाइनों के समीप रहने वाले नागरिकों को रेलवे लाइनों पर कूड़ा न डालने के प्रति जागरूक किया एवं नागरिकों से अनुरोध किया कि कूड़ा निगम के ऑटो टिप्परों अथवा दिल्ली नगर निगम के ढलाव घरों में डालें। बता दें कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के अंतर्गत नागरिकों एवं विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर सफाई अभियान का संचालन कर रहा है। सफाई अभियान के अंतर्गत दिल्ली के सभी जनप्रतिनिधि बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं।दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान को भारी जनसमर्थन मिल रहा है और सफाई अभियान में समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी भागीदारी दे रहा है।

### 'स्वच्छ व हरित दिल्ली के लिए जनभागीदारी जरूरी'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पश्चिमी जोन ने 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को माधव पार्क, राजौरी गार्डन में पौधारोपण और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। महापौर ने कहा कि स्वस्थ शहरी वातावरण के लिए स्वच्छता और हरियाली, दोनों का साथ होना जरूरी है। उन्होंने पौधारोपण को न केवल पर्यावरण सौंदर्य से जोड़कर देखा, बल्कि इसे वायु गुणवत्ता सुधार और जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रभावी उपाय बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित दिल्ली तभी संभव है जब नागरिक स्वयं जिम्मेदारी लें और स्रोत पर ही कचरे को अलग अलग करें।



गाजियाबाद में रक्षाबंधन पर 'वेस्ट टू आर्ट' को बढ़ावा

# घरेलू वेस्ट से बनी राखियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा सफाई मित्र बहनों ने होममेड राखी बांधी तथा वेस्ट टू आर्ट के क्रम में बनाई गई राखी बांधकर शहर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया।

नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा सफाई मित्र बहनों ने होममेड राखी बांधी तथा वेस्ट टू आर्ट के क्रम में बनाई गई राखी बांधकर शहर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज भी उपस्थित रहे, सरस्वती शिशु मंदिर की छोटी-छोटी छात्राओं द्वारा भी नगर आयुक्त को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया उपस्थित छात्राओं से नगर आयुक्त द्वारा शहर की स्वच्छता पर भी बात की गई पेड़ लगाओ प्लास्टिक हटाओ पर मोटिवेट भी किया गया।

## पर्यावरण बचाओ का संदेश विद्यार्थियों के जरिए घर-घर पहुंचेगा



नगर आयुक्त ने राखी बंधवाने के उपरांत सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं को भी राखी बांधी तथा शहर की

स्वच्छता सुरक्षा को बरकरार रखने की अपील की। पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश विद्यार्थियों के माध्यम से ही घर-घर तक पहुंचेगा और शहर वासियों को जागरूक करेगा, इसी क्रम में ट्रिपल आर मुहिम के अंतर्गत शहर में बनाई जा रही घर के वेस्ट सामान से राखी का संदेश भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है जिस पर नगर आयुक्त द्वारा होममेड राखी बनाने वालों को शुभकामनाएं दी गई।

नगर आयुक्त सहित निगम अधिकारियों ने सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा सफाई मित्र बहनों को मिठाई में उपहार भी भेंट किया शहर हित में जन-जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए अपील भी की गई, वेस्ट से बनी हुई राखी बहुत ही ससुंदर है, रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल अभियान को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक राखियां घर में वेस्ट से बनाई जाए जिससे शहर की स्वच्छता में एक बड़ा सहयोग रहेगा, निगम द्वारा अपील की गई है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने उप तहसील गोंछी में मारा छापा

# एक कर्मचारी गैरहाजिर और अन्य अनियमितताएं पाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को सूचना प्राप्त हुई थी कि उप तहसील गोंछी में नियुक्त कर्मचारी एवं अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं आते तथा आम नागरिकों के तहसील संबंधित कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित रखते हैं। यदि उप तहसील गोंछी कार्यालय का अचानक निरीक्षण किया जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है।

उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम द्वारा उमेश कुमार नायब तहसीलदार बड़खल एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ संयुक्त तैयार करके सुबह 9 बजे उप तहसील गोंछी का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के समय कुल नौ कर्मचारियों में से 7 कर्मचारी कार्यालय में समय पर उपस्थित पाए गए एक कर्मचारी विभागीय कार्य से बाहर गया हुआ तथा एक कर्मचारी गैरहाजिर पाया गया।

## पतंग बेचने वाली दुकान पर 60 चाइनीज मांझा पाए जाने पर केस दर्ज



इधर गुप्तचर इकाई एनआईटी से सूचना प्राप्त हुई कि जवाहर कॉलोनी गुरुद्वारा रोड पर आईएफएल बैंक के नजदीक इलाका थाना सारन में प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बेचा जा रहा है जबकि चाईनीज मांझा सरकार द्वारा बेचने पर रोक लगाई हुई है। क्योकि चाईनीज मांझा से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इस संबध मे संबंधित विभाग के साथ कार्रवाई की जाए तो कई दुकानों पर चाईनीज मांझा मिल सकता है। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ गुरुद्वारा रोड पर आईएफएल बैंक के नजदीक पतंग बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अली खान पुत्र अमीन खान दुकान पर पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझा बेचा जाना पाया गया। दुकान से एक बड़े कार्टून में रखें कुल 60 बड़े चाईनीज मांझा मिले है। स्थानीय पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध अभियोग अंकित किया जा रहा है।

# दबंगई दिखाने पर दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पटौदी के हेलीमंडी एरिया में युवक की हत्या कर सरकारी स्कूल के बाथरूम में शव छुपाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने वारदात को अंजाम युवक द्वारा दबंगी दिखाने के चलते दिया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

दरअसल, हेलीमंडी के सरकार स्कूल में स्कूल की छुट्टियां खत्म होने के बाद जब स्कूल खुला तो टीचरों ने स्कूल के बरामदे में खून के निशान देखे। इन निशान के पीछे वह बाथरूम में गए तो सड़ी हुई अवस्था में एक शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न केवल मृतक की पहचान की बल्कि दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

खाता में ठगी के 3 लाख रुपए आए थे

# डिजिटल अरेस्ट कर 60,15,000 की ठगी, खाताधारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के मामले में खाताधारक को गिरफ्तार किया है।

साइबर थाना सेंट्रल में एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया की 27 नवंबर 2024 को उसके फोन पर एक व्यक्ति का फोन आया जिसने स्वयं को ट्राई का कर्मचारी बताया फिर उन्होंने बताया कि उसका मोबाइल नंबर मनी लॉन्ड्रिंग व अश्लील मैसेज भेजने में प्रयोग हुआ तथा उसे मुंबई क्राइम ब्रांच में फोन करने के लिए कहा जिन्होंने मेरा 300 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभियुक्त होना बताया। जिसके बाद उसके सारे बैंक अकाउंट व आईडी ऑनलाइन मंगवाए। कहा, आप सीबीआई के जॉच के घेरे में है तथा जांच पूरी होने तक आप सीबीआई की कस्टडी में अरेस्ट रहेंगे। जिसके बाद कथित जांच अधिकारियों द्वारा विभिन्न




तरीकों से शिकायतकर्ता से आरटीजीएस के जरिए कुल 60,15,000 रुपए ऐंठ लिए।

मामले में कार्रवाई करते हुए सज्जन दान चारण राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया, आरोपी खाताधारक है। जिसने अपना खाता ठगों को दिया था। आरोपी टैक्सी चलाने का काम करता है। आरोपी के खाता में ठगी के 3 लाख रुपए आए थे। आरोपी को न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

महिला सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तैनात

# ईआरवी व दुर्गा शक्ति की टीम ने 32 महिलाओं को रात में घर छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश के अंतर्गत महिला ईआरवी टीम व दुर्गा शक्ति की टीम द्वारा महिला सुरक्षा की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। जुलाई माह में रात्रि के समय अपने गंतव्य तक पहुंचने में असमर्थ 32 महिलाओं को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाकर महिला सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फरीदाबाद पुलिस के महिला थाना की ईआरवी व दुर्गा शक्ति टीम को निर्देशित किया हुआ है कि रात्रि के समय अपने-अपने क्षेत्र में सजगता से गस्त करें और असमर्थ महिलाओं, बच्चों को घर तक पहुंचाने में मदद करें ताकि महिला सुरक्षा को सुदृढ़ बनाया जा सके। जिस पर फरीदाबाद पुलिस के महिला थाना की ईआरवी व दुर्गा शक्ति अपने अपने क्षेत्र में रात्रि के समय गस्त कर रही है।

रात्रि के समय महिला को कोई साधन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट नही मिल पा रहा हो और अकेली असुरक्षित महसूस कर रही है तो वह फरीदाबाद पुलिस द्वारा जारी किए गए। जिसमें उसके नजदीकी दुर्गा शक्ति, या ईआरवी टीम उस महिला से संपर्क करके उसे सुरक्षित घर तक छोड़ेगी।

आरोपी पर आधा दर्जन से ज्यादा संगीन अपराध के मामले दर्ज, वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद

# सिंगर राहुल फाजिलपुरिया की रेकी करने वाले का गुरुग्राम में एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सिंगर राहुल फाजिलपुरिया की रेकी करने वाले का गुरुग्राम पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। आरोपी सिरसा का रहने वाला रमनदीप उर्फ पेट्रोल के पैर में गोली लगी है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी पर आधा दर्जन से भी ज्यादा संगीन अपराध के मामले दर्ज हैं जिनमें वह वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार सहित बाइक भी बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक मानेसर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई ललित कुमार को सूचना मिली थी कि संगीन वारदातों में प्रयुक्त एक आरोपी मानेसर से पचगांव की तरफ जाएगा। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने नाकाबंदी की। कुछ देर बाद एक युवक बाइक पर आते दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा और बाइक सहित गिर गया। पुलिस के मुताबिक,



पास ही मौजूद वह किसी पत्थर का सहारा लेकर पुलिस पर फायरिंग करने लगा। इसी पर जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फायरिंग करते हुए उसके पैर में गोली मारी और काबू कर लिया।

## पैर में गोली मारी और काबू कर लिया

पुलिस टीम द्वारा आगामी कार्यवाही करते हुए पुलिस की फिंगरप्रिंट, एफएसएल, सीन-ऑफ-क्राईम की टीमों को घटनास्थल पर बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। घटनास्थल से एक पिस्टल, छह खाली खोल कारतूस (चार आरोपी की तरफ से किए गए फायर के तथा दो पुलिस की तरफ से किए गए फायर के) व एक बाइक बरामद की गई।

पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप ने बताया कि आरोपी रमनदीप उर्फ पेट्रोल के खिलाफ हत्या करने का प्रयास, लूट, डकैती व मादक पदार्थ रखने/बेचने इत्यादि अपराधों के आठ केस दर्ज हैं। जिनमें से ज्यादातर में केस में आरोपी वांछित अपराधी है। इन सभी मामलों में उसकी तलाश थी। पुलिस टीम द्वारा घायल आरोपी रमनदीप को इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है, जिसे हॉस्पिटल से डिस्चार्ज करने के उपरान्त केस में नियमानुसार गिरफ्तार किया जाएगा।



# चार नशा तस्कर गिरफ्तार, गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा ऊंचा गांव, सेक्टर 56, सेक्टर 48 व अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने कई मामलों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1.499 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए राहुल को 509 ग्राम गांजा के साथ , अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने प्रेमपाल को 370 ग्राम गांजा , अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने भगतराम को 300 ग्राम गांजा व अर्जुन को 320 ग्रांम गांजा के साथ से काबू किया है।



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त
## रोहिणी जिला, कार्यालय परिसर, सेक्टर–5, रोहिणी, दिल्ली –110085

फोन नं.: 011-27049019, ई–मेल: adcp2-rohini-dl@delhipolice.gov.in

सार्वजनिक सूचना

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वाहनों/वस्तुओं को रोहिणी जिला, दिल्ली के पुलिस स्टेशनों द्वारा धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 के तहत जब्त कर लिया गया है। अब, पुलिस आयुक्त, दिल्ली द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और जैसा कि दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 की धारा 67(i) के मार्फत परिकल्पित है, के अनुसार अधोहस्ताक्षरी निम्न संलग्न सूची के अनुसार 88 वाहनों एवं 04 वस्तुओं की उद्घोषणा जारी करते हैं। कोई भी व्यक्ति जो इन पर दावा करना चाहता है, उसे अपने स्वामित्व के प्रमाण में सभी संगत दस्तावेजों के साथ संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त के समक्ष उपस्थित होना होगा और इस उद्घोषणा के जारी होने की तिथि से छह महीने के भीतर अपना दावा स्थापित करना होगा। उपरोक्त वाहनों/वस्तुओं को इस उद्घोषणा के माध्यम से आम जनता की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है।

**डी.पी. अधिनियम, 1978 की धारा 66 के अंतर्गत जब्त लावारिस वाहनों/वस्तुओं की सूची**

| क्र. सं. | पुलिस थाना | डीडी नंबर | तारीख | पंजीकरण संख्या | इंजन नं. | चेसिस नं. | मेक | वाहनों के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कंझावला | 61A | 11/04/22 | NO PLATE NIL | 81102127 | 8102308 | HONDA | MOTOR CYCLE |
| 2 | कंझावला | 154A | 03/05/22 | HR56B-4413 | 25779 | 25464 | HERO SPLENDOR | MOTOR CYCLE |
| 3 | कंझावला | 43 A | 22/05/22 | DL8SBZ-0922 | 92345082 | 48036 | JUPITER | SCOOTY |
| 4 | कंझावला | 112A | 24/05/22 | HR 60A5084 | 1326 | 3838 | HERO SPLENDOR | MOTOR CYCLE |
| 5 | कंझावला | 139A | 27/06/22 | DL 4SDF 7079 | 2644 | 2347 | HERO DELUX | MOTOR CYCLE |
| 6 | कंझावला | 71A | 02/07/22 | DL5SBY 1952 | 684 | 1118 | PASSION PRO | MOTOR CYCLE |
| 7 | कंझावला | 72 A | 19/08/22 | EMPTY BODY OF MOTOR CYCLE | | | | MOTOR CYCLE |
| 8 | कंझावला | 8A | 29/08/22 | HR-26 DN- 0359 | 33467 | 40366 | BAJAJ CT 100 | BIKE |
| 9 | कंझावला | 87 A | 20/09/22 | DL 8SAQ 5577 | 535888 | 46943 | PLATINA | MOTOR CYCLE |
| 10 | कंझावला | 167A | 20/09/22 | DL 11 SJ 0872 | 2110 | 2385 | SCOOTY | SCOOTY |
| 11 | कंझावला | 83A | 02/11/22 | DL45J 6865 | 781313 | 782871 | ACTIVA SCOOTY | SCOOTY |
| 12 | कंझावला | 73 A | 11/02/23 | DL4CK 1226 | 35886 | 12765 | SCOOTY HERO MASTRO | SCOOTY |
| 13 | कंझावला | 23A | 19/02/23 | HR12X6268 | | | JUPITER | SCOOTY |
| 14 | कंझावला | 46A | 26/03/23 | DL4SBS 7276 | 429877 | 42219 | SCOOTY RAYZR | SCOOTY |
| 15 | कंझावला | 44A | 04/04/23 | DL 8SAH 6502 | 19458 | 48705 | TVS STAR CITY | MOTOR CYCLE |
| 16 | कंझावला | 114A | 22/05/ | DL4SBG2718 | 11417 | 11450 | HERO SPLENDOR | MOTOR CYCLE |
| 17 | कंझावला | 143A | 21/07/23 | DL1SAE 6373 | | | SCOOTY | SCOOTY |
| 18 | कंझावला | 65A | 23/07/23 | HR14H4351 | 27367 | 23143 | PLATINA | MOTOR CYCLE |
| 19 | कंझावला | 75A | 30/07/23 | HR79B6685 | 21507 | 20479 | HERO SPLENDOR | MOTOR CYCLE |
| 20 | कंझावला | 09A | 04/08/23 | HR95A6030 | 36229 | | HERO SPLENDOR | MOTOR CYCLE |
| 21 | कंझावला | 113A | 10/08/23 | DL 1ST2748 | 15784 | 1173 | HONDA GLAMOUR | MOTOR CYCLE |
| 22 | कंझावला | 110A | 06/02/24 | DL 11SW4424 | 5803 | 4053 | PASSION PRO | MOTOR CYCLE |
| 23 | कंझावला | 74A | 08/02/24 | DL8SAG 7668 | 3168 | 12002 | HERO HONDA | MOTOR CYCLE |
| 24 | कंझावला | 80A | 06/03/24 | DL 9ST 3784 | 18738 | 26114 | HERO SPLENDOR | MOTOR CYCLE |
| 25 | कंझावला | 58A | 19/03/24 | DL4ASDH 4260 | 36107 | 40642 | TVS JUPITER | TVS JUPITER |
| 26 | कंझावला | 68A | 22/03/24 | DL 4SBR 3804 | 87305 | 48410 | SCOOTY SUZUKI | SCOOTY SUZUKI |
| 27 | कंझावला | 80A | 23/03/24 | DL8SCM9234 | 94039 | 61550 | HERO SPLENDOR | HERO SPLENDOR |
| 28 | कंझावला | 93A | 26/03/24 | DL11SM 3057 | 48105 | 67218 | SCOOTY TVS | SCOOTY TVS |
| 29 | कंझावला | 95A | 29/03/24 | DL55AP6389 | 41452 | 36640 | HERO SPLENDOR | MOTOR CYCLE |
| 30 | कंझावला | 97A | 30/03/24 | DL4SCM 7179 | 3084 | 2511 | SCOOTY CMOTO CORP | SCOOTY CMOTO CORP |
| 31 | कंझावला | 117A | 30/03/24 | DL1SAG 9360 | 6166 | 3837 | BULLET 350 | BULLET 350 |
| 32 | कंझावला | 112A | 02/04/24 | DL6SAL6611 | 7059 | 36937 | HERO DELUX | MOTOR CYCLE |
| 33 | कंझावला | 79A | 05/04/24 | DL5SAQ 4643 | 45553 | 32979 | HERO SPLENDOR | MOTOR CYCLE |
| 34 | कंझावला | 90A | 05/04/24 | NO PLATE NIL | 22054 | 247 | HERO DELUX | MOTOR CYCLE |
| 35 | कंझावला | 56A | 14/04/24 | HR 13D2473 | 33956 | 15985 | HERO DELUX | MOTOR CYCLE |
| 36 | कंझावला | 76A | 06/06/24 | DL11SJ85378 | 4893 | 944 | SCOOTY PLEASURE | SCOOTY PLEASURE |
| 37 | कंझावला | 81A | 24/06/24 | DL8SAH5153 | 56209 | 20021 | TVS STAR CITY | MOTOR CYCLE |
| 38 | कंझावला | 85A | 13/07/24 | DL8SAR 0676 | 89269 | 49 | | MOTOR CYCLE |
| 39 | कंझावला | 110A | 19/10/24 | DL10AS 5373 | 36904 | 36198 | YAMAHA FZ | MOTOR CYCLE |
| 40 | कंझावला | 52 A | 28/11/24 | HR 13L5556 | 25912 | 7437 | HERO DELUX | HERO DELUX |
| 41 | कंझावला | 53A | 01/12/24 | HR 10H 8234 | 0 | 78485 | DISCOVER | MOTOR CYCLE |
| 42 | कंझावला | 43A | 02/12/24 | DL 11SK 8762 | 23761 | 16853 | SCOOTY TVS JUPITER | SCOOTY TVS JUPITER |
| 43 | कंझावला | 01A | 04/12/24 | DL4AD1279 | 17392 | 44137 | CHETAK BAJAJ | SCOOTER |
| 44 | दक्षिण रोहिणी | 12A | 08/07/24 | DL11B7379 | | | HONDA | SCOOTY |
| 45 | दक्षिण रोहिणी | 103A | 08/07/24 | UP80BP3903 | 14532 | 39420 | HERO | MOTOR CYCLE |
| 46 | दक्षिण रोहिणी | 51A | 10/07/24 | W/N/P | | | BATTERY | ERICKSHAW |
| 47 | दक्षिण रोहिणी | 98A | 16/07/24 | DL14SH5673 | 18003 | 11919 | | SCOOTY |
| 48 | दक्षिण रोहिणी | 78A | 17/07/24 | DL4SBU1461 | J04879 | J07708 | HERO | MOTOR CYCLE |
| 49 | दक्षिण रोहिणी | 91A | 24/07/24 | DLSDQ3881 | 74284 | 47644 | SUZUKI | MOTOR CYCLE |
| 50 | दक्षिण रोहिणी | 77A | 25/07/24 | DL9GD6955 | | | ELECTRIC | SCOOTY |
| 51 | दक्षिण रोहिणी | 77A | 25/07/24 | DL9GD6948 | | | ELECTRIC | SCOOTY |
| 52 | दक्षिण रोहिणी | 85A | 01/09/24 | UP16CK0284 | 34434 | 85502 | BAJAJ | MOTOR CYCLE |
| 53 | दक्षिण रोहिणी | 10A | 17/09/24 | DL12SQ7237 | 16428 | 15650 | TVS | SCOOTY |
| 54 | दक्षिण रोहिणी | 119A | 27/09/24 | DL8SCJ4912 | 902950 | 44349 | TVS | SCOOTY |
| 55 | दक्षिण रोहिणी | 62A | 01/10/24 | DL4SBS3106 | 49575 | S3106 | YAMAHA | MOTOR CYCLE |
| 56 | दक्षिण रोहिणी | 110A | 05/10/24 | DL11SH0181 | 20260 | 20247 | HONDA | SCOOTY |
| 57 | दक्षिण रोहिणी | 5A | 11/10/24 | DL8SAU2898 | 73700 | 22935 | BAJAJ | MOTOR CYCLE |
| 58 | दक्षिण रोहिणी | 108A | 22/10/24 | DL8SAY9411 | A01326 | 29708 | BAJAJ | MOTOR CYCLE |
| 59 | दक्षिण रोहिणी | 88A | 24/10/24 | DL11SY0994 | D1065 | 53043 | TVS | SCOOTY |
| 60 | दक्षिण रोहिणी | 74A | 02/11/24 | DL8SDF6167 | 24475 | K08557 | HERO | MOTOR CYCLE |
| 61 | दक्षिण रोहिणी | 79A | 02/11/24 | DL11E9745 | 23219 | 42995 | TVS | SCOOTY |
| 62 | दक्षिण रोहिणी | 104A | 26/11/24 | DL11SC5591 | 91418 | 92180 | TVS | SCOOTY |
| 63 | दक्षिण रोहिणी | 39A | 30/11/24 | DL8SDE8498 | 59726 | 59326 | HONDA | MOTOR CYCLE |
| 64 | दक्षिण रोहिणी | 62A | 30/11/24 | DL8SDK4077 | 00515 | 00455 | TVS | SCOOTY |
| 65 | दक्षिण रोहिणी | 89A | 30/11/24 | DL3SCF5511 | 55276 | 55276 | ROYAL ENFIELD | MOTOR CYCLE |
| 66 | दक्षिण रोहिणी | 16A | 03/12/24 | DL8SBJ9572 | B06172 | B02669 | HERO | MOTOR CYCLE |
| 67 | दक्षिण रोहिणी | 99A | 05/12/24 | DL4SCW5835 | 16495 | 18113 | HERO | SCOOTY |
| 68 | दक्षिण रोहिणी | 78A | 08/12/24 | W/N/P | | | HONDA | SCOOTY |
| 69 | दक्षिण रोहिणी | 114A | 17/12/24 | DL8SBJ2311 | 46172 | 74631 | SUZUKI | SCOOTY |
| 70 | दक्षिण रोहिणी | 130A | 19/12/24 | DL8SBB6013 | 46710 | 46636 | HONDA | SCOOTY |
| 71 | दक्षिण रोहिणी | 108A | 26/12/24 | DL8SBW7038 | 09357 | 09319 | HONDA | MOTOR CYCLE |
| 72 | दक्षिण रोहिणी | 32A | 29/12/24 | DL6SAV6928 | 43588 | 43323 | HONDA | SCOOTY |
| 73 | दक्षिण रोहिणी | 93A | 31/12/24 | DL14SA1468 | 32222 | 31977 | HONDA | SCOOTY |
| 74 | विजय विहार | 93B | 31/10/11 | DL 3CU 9590 | 00149 | CAR | INDICA | TATA |
| 75 | विजय विहार | 37A | 29/09/14 | DL 11 SA 5977 | 01560 | M/C | HUNK | HERO HONDA |
| 76 | विजय विहार | 76B | 14/07/15 | ELECTRIC SCOOTY | 25870 | S/C | ELECTRIC | HERO |
| 77 | विजय विहार | 07B | 01/02/16 | ELECTRIC SCOOTY | 90052 | S/C | ELECTRIC | OMA STAR |
| 78 | विजय विहार | 93B | 04/10/16 | DL 8S BE 2885 | 31823 | M/C | | SUZUKI |
| 79 | विजय विहार | 93B | 15/03/18 | DL 6SZ 2811 | 13788 | M/C | PULSAR | BAJAJ |
| 80 | विजय विहार | 09A | 02/02/20 | ELECTRIC SCOOTY | | S/C | ELECTRIC | |
| 81 | विजय विहार | 107A | 07/11/20 | DL 11 SD 5500 | 26314 | S/C | ACTIVA | HONDA |
| 82 | विजय विहार | 76A | 30/05/22 | DL 1E RA 6375 | | E-RICKSHAW | ELECTRIC | |
| 83 | विजय विहार | 159A | 22/03/23 | DL 4S BP 5056 | 13663 | M/C | PASSION PRO | HERO |
| 84 | विजय विहार | 138A | 06/08/23 | DL 8S BP 1784 | | M/C | PLATINA | BAJAJ |
| 85 | विजय विहार | 144A | 28/01/25 | DL 4S CQ 4905 | 87729 | M/C | SPLENDOR | HERO |
| 86 | विजय विहार | 123A | 01/02/25 | DL 11 S 7783 | 88468 | S/C | ACTIVA | HONDA |
| 87 | विजय विहार | 97A | 12/02/25 | DL 8S AV 2285 | 19178 | M/C | PLATINA | BAJAJ |
| 88 | विजय विहार | 22A | 08/03/25 | DL 3S DF 2475 | 23227 | M/C | SPLENDOR | HERO |

हस्ता./-
अपर पुलिस उपायुक्त–II
रोहिणी जिला, दिल्ली

DP/9789/RD/2025

## खबर संक्षेप

### योगी सरकार ने होम लोन सीमा की 25 लाख



**लखनऊ।** यूपी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को बड़ा तोहफा दिया है। अब वे घर खरीदने या बनाने के लिए 25 लाख रुपए तक का लोन 7.5 फीसदी ब्याज दर पर ले सकेंगे। पहले यह सीमा 7.5 लाख थी। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार इस सुविधा का लाभ न्यूनतम पांच वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने वाले कर्मचारी ले सकेंगे।

### 15 हजार की घूस लेते लेखपाल को दबोचा



**बहराइच।** बहराइच के नानपारा तहसील में तैनात एक राजस्व लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने 15 हजार रुपए की घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया है शुक्रवार दोपहर तहसील परिसर से उसे पकड़ा गया। पकड़े गए लेखपाल का नाम सरवर अली है। उसने मटेरा ब्लॉक के मोहरबा गांव में एक जमीन की पैमाइश और कब्जा दिलाने के बदले में ग्रामीण से रिश्वत मांगी थी।

### कार ने ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत



**झांसी।** झांसी-खजुराहो नेशनल हाइवे पर मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव तिगैला के पास शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार ने सवारियों से भरे एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई यूपी सरकार के बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट पर रोक

## बनेगी नई कमेटी, अध्यक्षता करेंगे हाईकोर्ट के पूर्व जज

**सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन स्थित प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर पर प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी अध्यादेश तब तक लंबित रहेगा, जब तक उच्च न्यायालय इसकी संवैधानिक वैधता पर फैसला नहीं कर लेता।**

एजेंसी ▶▶ मथुरा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 के तहत बनी कमेटी के संचालन को निलंबित करने का आदेश दे दिया है। यह कमेटी मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रही थी। इसके साथ ही, कोर्ट ने इस मामले को इलाहाबाद हाई कोर्ट को भेजने का फैसला किया, ताकि इस अध्यादेश की संवैधानिक वैधता की जांच हो सके।

**केस हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्या कांत और जोयमाल्या बागची की बेंच ने स्पष्ट किया कि जब तक इलाहाबाद हाई कोर्ट इस अध्यादेश की वैधता पर फैसला नहीं ले लेता, तब तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी का काम रुका रहेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि मंदिर के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एक नई कमेटी गठित की जाएगी। इस नई कमेटी की अध्यक्षता हाईकोर्ट के एक पूर्व जज करेंगे। इस कमेटी में कुछ सरकारी अधिकारी और गोस्वामी परिवार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे, जो परंपरागत रूप से मंदिर की देखभाल करते आए हैं। गोस्वामी परिवार लंबे समय से मंदिर के प्रबंधन से जुड़ा हुआ है।

इसके अलावा, कोर्ट ने अपने 15 मई 2025 के उस फैसले को वापस लेने का प्रस्ताव रखा, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को मंदिर के फंड का उपयोग कॉरिडोर के विकास के लिए करने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि वह शनिवार तक इस मामले




में लिखित आदेश जारी करने की कोशिश करेगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं को इस अध्यादेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देने की अनुमति होगी तब तक नई कमेटी मंदिर के विकास कार्यों और प्रशासन को देखेगी।

### गोस्वामी परिवार ने डाली थी याचिका

बीती 27 मई को देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने दावा किया था कि वह मंदिर के संस्थापक स्वामी हरिदास गोस्वामी के वंशज हैं और उनका परिवार पिछले 500 साल से मंदिर के प्रबंधन का काम संभालता आ रहा है। उन्होंने कहा कि वह मंदिर के दैनिक धार्मिक और प्रशासनिक कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उनकी याचिका में कहा गया कि मंदिर के पुनर्विकास की प्रस्तावित योजना को लागू करना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि मंदिर से ऐतिहासिक और संचालनात्मक रूप से जुड़े लोगों की सलाह के बिना कोई भी बदलाव करने से प्रशासनिक अव्यवस्था हो सकती है।

## पेज एक का शेष

### ट्रंप के टैरिफ धमाके के बीच...

अमेरिका का ये निर्णय पूरी तरह से गलत और अविवेकपूर्ण है।

**मजबूत होगी रणनीतिक साझेदारी :** प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में रूस के राष्ट्रपति के साथ हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा, मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम साझा करने के लिए मैंने उनका धन्यवाद किया। हमने अपनी वार्ता में द्विपक्षीय एजेंडे में हुई प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहरा करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा मैंने राष्ट्रपति पुतिन की इस वर्ष के अंत में भारत में मेजबानी के लिए उत्सुकता जाहिर की है।

**यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के पक्षधर :** मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान रूस के राष्ट्रपति द्वारा दिए यूक्रेन विवाद को लेकर दिए गए विस्तृत आकलन को लेकर धन्यवाद दिया। साथ ही विवाद को लेकर बनी हुई भारत की दृढ़ स्थिति को लेकर प्रतिबद्धता जताई। जिसमें उसका हमेशा से यह कहना रहा है कि इस विवाद का शांतिपूर्ण ढंग से बातचीत और कूटनीति के जरिए समाधान निकाला जाना चाहिए।

**प्रदर्शित होती ब्रिक्स की एकजुटता :** गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति से पहले बीते गुरुवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की थी। ब्राजील पर भी अमेरिका ने भारत की तरह ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। पीएम ने अपनी एक एक्स पोस्ट में इस बातचीत का जिक्र करते हुए कहा था कि हम दोनों व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच एक मजबूत और जन केंद्रित साझेदारी सभी के लिए लाभप्रद होती है। बातचीत में मैंने ब्राजील की मेरी यात्रा को यादगार और सार्थक बनाने के लिए राष्ट्रपति लूला का धन्यवाद दिया।

**ब्रिक्स की सदस्य संख्या हुई दस :** ब्रिक्स की स्थापना 2009 में हुई थी। इसे उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का संगठन माना जाता है। शुरुआत में ब्राजील, रूस, चीन और भारत जैसे चार देश इसके सदस्य थे। जिसकी वजह से इसे ब्रिक कहा जाता था। लेकिन 2010 में इसमें दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने बाद ये संगठन ब्रिक्स के नाम से दुनिया में जाना जाने लगा। वर्तमान में इसकी सदस्य संख्या बढ़कर दस तक पहुंच गई है और ब्रिक्स में ईरान, यूएई, इंडोनेशिया, मिस्र और इथोपिया जैसे देश भी शामिल हो गए हैं। अमेरिका ब्रिक्स का घोर विरोधी है और लगातार इसकी आलोचना करता रहता है।

### हाईकोर्ट जज को आपराधिक...

या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दोहराया कि ये टिप्पणियां न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की ओर से मामले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध के बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इन टिप्पणियों को हटा रही है। कोर्ट ने कहा कि हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं। हम इस मामले में फैसला लेने का काम उन पर छोड़ते हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के कम से कम 13 जजों ने जस्टिस प्रशांत कुमार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के खिलाफ फुल कोर्ट की बैठक बुलाने के लिए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली को पत्र लिखा था। खुद सुप्रीम कोर्ट के कई जजों ने जस्टिस पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ की ओर से जारी निर्देश पर आपत्ति जताई है।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा...

की पीठ ने अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की जनहित याचिका पर यह अहम फैसला सुनाया है। जिसका संबंध देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले अनाथ बच्चों की चिंता से था।

**2027 की जनगणना में शामिल हो आंकड़ा :** अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र से 2027 में होने वाली आगामी जनगणना में अनाथ बच्चों के आंकड़े को शामिल करने पर विचार करने के लिए कहा है। मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह तथ्य भी आया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गुजरात, मेघालय, सिक्किम के साथ ही कई राज्यों ने कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के संबंध में 25 फीसदी आरक्षण के तहत अनाथ बच्चों को शामिल करने के लिए पहले ही अधिसूचना जारी कर दी हैं।

**आरटीई कानून का सार :** शिक्षा का अधिकार कानून 6 से 14 साल तक की आयु के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। यह कानून संसद में वर्ष 2009 में पारित किया गया था। जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चे को फिर चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। संविधान के 86वें संशोधन द्वारा शिक्षा के अधिकार कानून को प्रभावी बनाया गया है। बच्चों की शिक्षा पर आने वाला वित्तीय बोझ राज्य और केंद्र सरकार के बीच साझा किया जाएगा। कानून के तहत उक्त उम्र के सभी बच्चों को शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। सरकारी स्कूल सभी बच्चों को मुफ्त शिक्षा देंगे। जबकि निजी स्कूल न्यूनतम 25 फीसदी बच्चों को बिना किसी शुल्क के नामांकित करेंगे।

**कोरोना में अनाथ हुए 10 हजार 383 बच्चे :** गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना महामारी के दौरान भी राज्यों से वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए कहा था। वहीं, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक पूर्व आंकड़े के मुताबिक, कोरोना महामारी में भी देश में बड़े पैमाने पर कई बच्चे अनाथ हो गए थे। जिनका कुल अनुमानित आंकड़ा 10 हजार 383 है। इसमें राजधानी दिल्ली में 318 बच्चे अनाथ हुए। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में 156, मध्य-प्रदेश में 1 हजार 794 और हरियाणा में 127 बच्चे अनाथ हुए। अन्य राज्यों में गुजरात में 1 हजार 210, बिहार में 313, उत्तर-प्रदेश में 554, उत्तराखंड में 156, आंध्र-प्रदेश में 418, महाराष्ट्र में 718, ओडिशा में 1 हजार 617, राजस्थान में 714, पश्चिम बंगाल में 290 और केरल में 113 बच्चे अनाथ हो गए थे।

### राखियां बंधवा कर शिवराज...

भागीदारी की। केंद्रीय मंत्री ने चौहान ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों को संकल्प दिलवाते हुए सभी छह संकल्पों को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि दीदियां पहला संकल्प लें कि वह स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देंगी, स्वदेशी उत्पाद बनाएंगी व स्वदेशी उत्पाद खरीदेंगी भी, दूसरा संकल्प लें कि गांव में यदि अभी भी कोई महिला स्वयं सहायता समूह से नहीं जुड़ पाई हैं, तो उन्हें समूह में जोड़ेंगी, तीसरा संकल्प के तहत सभी महिलाएं और बेहतर प्रदर्शन करें ताकि सभी दीदियां लखपति बन सकें, चौथा संकल्प यह कि गांव में हर बच्चा स्कूल जाएं, इस दिशा में दीदियां काम करेंगी, पांचवां संकल्प यह लें कि गांव के हर बच्चे को पोषणयुक्त आहार मिलें, कोई बच्चा कुपोषित ना रहें तथा छठा और अंतिम संकल्प ले कि नशा मुक्ति के लिए गांव-गांव में जाकर अभियान चलाएंगी। आगे, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री जी का महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वह महिला सशक्तिकरण के अगुवा रहे हैं। उनके नेतृत्व में मजबूत महिला भागीदारी के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। जिनका लाभ देशभर की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री के विजन से ही 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की शुरुआत हुई। मातृत्व लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला योजनाओं को बढ़ावा दिया गया। महिलाओं के नाम संपत्ति खरीदने पर रजिस्ट्री शुल्क कम करने के प्रावधान ने भी महिला की स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजाना-ग्रामीण में भी संयुक्त रूप से महिला के नाम का प्रावधान किया गया है ताकि महिलाओं की सुदृढ़ भागीदारी सुनिश्चित हो सके। स्वयं सहायता समूह की दीदियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दीदियां अपने हुनर से बदलाव की नई कहानियां लिख रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने एक आंदोलन के रूप में उनके जीवन में बदलाव लाने का काम किया है। 91 लाख स्वयं सहायता समूहों से 10 करोड़ से ज्यादा महिलाएं जुड़ चुकी हैं। बैंकों से 11 लाख करोड़ रुपये की धनराशि ऋण के रूप में स्वयं सहायता समूह की दीदियों को दी जा चुकी हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

### एससीओ सम्मेलन के लिए...

होंगे। जिसमें सभी सदस्य देश शामिल हैं और उनके अलावा 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी इसमें भागीदारी करेंगे।

**जापान और चीन की यात्रा करेंगे पीएम :** यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी बीते करीब सात वर्षों के बाद चीन की यात्रा कर सकते हैं। जिसका आगाज इस महीने के अंत में 29 अगस्त को होगा। हो सकता है पीएम मोदी जापान से होते हुए चीन की यात्रा करें। लेकिन अभी इसे लेकर भारत की तरफ से आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। जल्द ही इसके सामने आने की संभावना है। पूर्व में पीएम ने वर्ष 2018 में चीन की यात्रा की थी। उस वक्त भी उन्होंने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए यह दौरा किया था।

### पीएम उज्ज्वला योजना के...

तकनीकी संस्थानों में 'तकनीकी शिक्षा में बहु-विषयक शिक्षा एवं अनुसंधान सुधार' (मेरिट) स्कीम के कार्यान्वयन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के अनुरूप युक्तियों को क्रियान्वित कर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता, समानता और शासन में सुधार करना है। यह एक 'केंद्रीय क्षेत्र स्कीम' है, जिसका कुल वित्तीय प्रभाव 2025-26 से 2029-30 की अवधि के लिए 4,200 करोड़ रुपये है। 4,200 करोड़ रुपये में से विश्व बैंक से ऋण के रूप में 2,100 करोड़ रुपये की बाहरी सहायता प्राप्त होगी।

**असम और त्रिपुरा को 4,250 करोड़ रुपये का विशेष पैकेजः** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम और त्रिपुरा के लिए विद्यमान केंद्रीय क्षेत्र विशेष विकास पैकेज (एसडीपी) योजना के अंतर्गत 4,250 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ चार नए घटकों को अनुमति दी है। इसके माध्यम से, असम के जनजाति और दिमासा समुदायों, असम के विभिन्न अन्य ज़िलों में रहने वाले लोगों और त्रिपुरा के जनजाति समुदायों के लाखों लोग लाभान्वित होंगे। **मरक्कनम-पुडुचेरी राष्ट्रीय राजमार्ग 4 लेन बनेगाः** केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में मरक्कनम-पुडुचेरी राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन का बनाने की परियोजना को मंजूरी दे दी। इस परियोजना पर कुल 2,157 करोड़ रुपये खर्च होंगे। फिलहाल, चेन्नई, पुडुचेरी विलुप्पुरम और नागपट्टिनम के बीच संपर्क मौजूदा 2-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग 332ए और उससे जुड़े राज्य राजमार्गों पर निर्भर है। इस पर भारी यातायात के कारण, विशेष रूप से घनी आबादी वाले इलाकों और गलियारे के साथ प्रमुख कस्बों में, काफी भीड़भाड़ हो जाती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मरक्कनम से पुडुचेरी तक एनएच-332ए के लगभग 46 किलोमीटर हिस्से को 4-लेन में अपग्रेड किया जाएगा।





# ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में शामिल हुए हिमेश रेशमिया

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर और सिंगर हिमेश रेशमिया ने ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में 22वां स्थान हासिल कर पहली बार भारतीय कलाकार के रूप में इतिहास रच दिया है। यह भारतीय संगीत के लिए गर्व का पल है। इस लिस्ट में पोस्ट मेलोन, ब्रूनो मार्स और बेयोंसे जैसे कई बड़े पॉप स्टार्स का नाम शामिल है। हिमेश का यह मुकाम उनकी 20 साल से ज्यादा की मेहनत और लोकप्रियता का सबूत है। उनके गाने आज भी दुनिया भर में पसंद किए जाते हैं। इस लिस्ट में बिली इलिश, एड शीरन और लेडी गागा जैसे सितारों के साथ उनका नाम भारतीय पॉप संस्कृति की बढ़ती वैश्विक पहचान को दिखाता है। ब्लूमबर्ग की इस रैंकिंग के लिए 1.2 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। दुनिया भर के प्रशंसकों ने वीवर्स प्लेटफॉर्म पर वोट देकर चुना कि कौन इस सूची में रहेगा।

लाइफ Style



# प्रीति
## किसी को भी डरने की जरूरत नहीं

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' आखिर शुक्रवार 8 अगस्त को रिलीज हो रही है। कन्हैया लाल हत्याकांड पर बनी यह फिल्म शुरुआत से विवादों में है। अब जब सिनेमाघरों में पहुंच रही है तो इसकी अदाकारा प्रीति झंगियानी ने प्रतिक्रिया दी है। कई बाधाओं का सामना करने के बाद फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल टेलर मर्डर' को आखिरकार हरी झंडी मिली है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कन्हैया लाल हत्याकांड के एक आरोपी मोहम्मद जावेद की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रिलीज से गुरुवार रात मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' में विजय राज, प्रीति झंगियानी, कमलेश सावंत और मुश्ताक खान जैसे सितारे हैं। स्क्रीनिंग में शामिल हुईं प्रीति झंगियानी ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने मीडिया से कहा, 'यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। किसी को भी सच बोलने से डरना नहीं चाहिए। मेरा मानना है कि इस फिल्म में सच्चाई दिखाई गई है। इसमें इंसानी स्वभाव और हकीकत को दिखाया गया है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि किसी को कोई आपत्ति होनी चाहिए। फिल्म देखें और फिर कोई राय बनाएं'। यह फिल्म राजस्थान के उदयपुर में हुए बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित है। साल 2022 में टेलर कन्हैयालाल की हत्या की गई थी। कन्हैयालाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी। इसके बाद उनकी दुकान में उन्हें बेरहमी से मार दिया गया। इस फिल्म का निर्देशन भरत एस. श्रीनाते ने किया है। उदयपुर फाइल्स' को दर्शक दिल छूने वाली फिल्म बता रहे हैं। इस फिल्म को देखकर दर्शक भावुक हो गए।

हॉलीवुड मसाला



# रॉबर्ट बेंटन ने अमेरिकी सेना में दी थी सेवा

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने क्रेमर वर्सेज क्रेमर और प्लेसेस इन द हार्ट जैसी फिल्मों के लिए लेखक-निर्देशक रूप में काम किया। रॉबर्ट बेंटन ने टेक्सास विश्वविद्यालय और कोलंबिया विश्वविद्यालय से अध्ययन किया। इसके बाद वह 1954 से 1956 तक अमेरिकी सेना में रहें। बेंटन ने ग्लोरिया स्टीनम को डेट किया, जो उस समय हास्य पत्रिका हेल्प में कर्मचारी थीं। इसके बाद उन्होंने 1964 में कलाकार सैली रेंडिग्स से शादी की, जिनसे उनका एक बेटा है। निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने अपने कॅरियर में शानदार काम किया। उन्होंने छह ऑस्कर नामांकन प्राप्त किए। छह में से तीन बार उन्होंने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता, जिसमें क्रेमर वर्सेज क्रेमर लिखने और निर्देशित करने के लिए और प्लेसेस इन द हार्ट लिखने के लिए प्राप्त किया।



# ब्रैड पिट ने पहली फिल्म में की थी गलती, हुआ था शर्मिंदा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट को अपनी पहली ही फिल्म के सेट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। एक्टर ने फिल्म के सेट पर हुए एक वाकये को याद किया। पिट ने बताया कि उन्हें वहां से निकाल दिया गया था। साल 1987 में आई फिल्म नो मैन्स लैंड में उन्होंने वेटर की भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्हें बिना क्रेडिट के काम करना था। एक्टर ने बताया कि स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड का कार्ड पाने की कोशिश में उन्होंने सीन के दौरान अचानक एक डायलॉग बोल दिया, जिससे सेट पर हंगामा मच गया था। उन्होंने बताया, 'एक रेस्ट्रॉन्ट का सीन था, जिसमें चार्ली शीन और डीबी, स्वीनी लीड रोल में थे। मैं वेटर था और मुझे सिर्फ शैंपेन लाकर डालना था। मुझे बताया गया कि बोतल को कैसे पकड़ना, खोलना और पोंछना है। लेकिन, मौके का फायदा उठाते हुए मैंने एक्ट्रेस के लिए शैंपेन डालते समय पूछ लिया- क्या आप कुछ और लेना चाहेंगी? ये सुनते ही डायरेक्टर चिल्लाए कट! कट! कट।' ब्रैड पिट ने हंसते हुए कहा, 'पहला असिस्टेंट डायरेक्टर दौड़कर आया और बोला- तुमने फिर से ऐसा किया, तुम बाहर हो जाओ! उस रात मैं बहुत शर्मिंदा हुआ।'



# पति को छपरी कहे जाने पर भड़कीं स्वरा


**मुंबई।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर काफी मुखर हैं। वह अक्सर अपने बेबाक लहजे के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने उस व्यक्ति को खरी-खोटी सुना दी, जिन्होंने एक्स पर उनके पति फहाद अहमद को मजाक में छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कहा। अभिनेत्री फहाद के साथ रियलिटी शो पति-पत्नी और पंगा में दिखाई दी थीं। स्वरा भास्कर ने एक्स पर यूजर की प्रोफाइल को हाइलाइट करने के लिए दो स्क्रीनशॉट शेयर किए। इस पोस्ट में लिखा था 'परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टॉक शो में ले जाते देखकर, स्वरा ने भी ऐसा ही करने का सोचा। वह अपने डोंगरी के छपरी पति को एक रियलिटी शो में ले गईं। पीआर तो छोड़िए, उनके पति डोंगरी के किसी रेहड़ी वाले जैसे लग रहे थे।' जवाब में, स्वरा ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'खुद को गौरवान्वित हिंदू और अंबेडकरवादी बताने वाला यह मूर्ख शायद यह नहीं जानता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है।



# निशानची में निभाएंगे दोहरी भूमिका

**मुंबई।** फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी फिल्म निशानची से धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपनी फिल्म में वह इस बार महाराष्ट्र के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक से एक नए कलाकार को पेश कर रहे हैं। यह कोई और नहीं बल्कि बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्या ठाकरे हैं। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। शुक्रवार को फिल्म निशानची का टीजर रिलीज किया गया है। इसमें भरपूर मसाला, इमोशंस और ड्रामा है। निशानची में दो भाइयों के बीच के जटिल और अशांत संबंधों के बारे में दिखाया गया है। दोनों की जिंदगी नाटकीय रूप से अलग-अलग मोड़ लेती है। दोनों अलग-अलग रास्ते पर निकल पड़ते हैं। टीजर में देसी अंदाज देखने को मिल रहा है। इसमें बंदूक, गोली, रोमांस और एक्शन है। टीजर की शुरुआत कुछ इस तरह से होती है कि एक व्यक्ति कहता है कि 'बिना बॉलीवुड, काउनों जिंदगी कैसे जिए?'

टीवी मसाला



# पहले हफ्ते में ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' बना नंबर वन सीरियल

**नई दिल्ली।** 30वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले हफ्ते सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से 25 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी की। दर्शकों ने पहले ही हफ्ते में स्मृति ईरानी के इस सीरियल का इतना प्यार दिया कि यह टीआरपी चार्ट में टॉप पर जगह बनाने में कामयाब हो गया। 25 साल बाद भी इस सीरियल का जादू महिला दर्शकों पर बरकरार है। 30वें हफ्ते के टीआरपी चार्ट में दूसरे नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा है। इसकी टीआरपी भी 2.3 है। लेकिन, इस सीरियल के लिए अब मुश्किलें बढ़ चुकी हैं। दरअसल अनुपमा पिछले कुछ साल से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बन रहता था। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को तीसरा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, दो कॉमेडी सीरियल भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शो लाफ्टर शेफ को लिस्ट में चौथा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, तारक मेहता का उल्टा चश्मा को पांचवां स्थान मिला है, इसको 1.9 की टीआरपी मिली है।

# मरने के बाद सजना-संवरना चाहते थे उल्टा चश्मा के नट्टू काका!

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाघा का किरदार निभाने वाले तन्मय वेकारिया ने नट्टू काका उर्फ घनश्याम नायक के बारे में कई बातें बताईं। उन्होंने बताया कि नट्टू काका की अंतिम इच्छा थी कि मरने के बाद भी उनका



मेकअप किया जाए, जिसे उनके परिवार ने अंतिम संस्कार के समय पूरा किया। पता चलने के बारे में बात की। 3 अक्टूबर, 2021 को कैंसर से इस दिग्गज अभिनेता के निधन की खबर सुनकर कलाकार और क्रू सदमे में आ गए थे। उस समय डेंगू से उबर रहे तन्मय वेकारिया ने कहा, यह खबर सुनकर मेरी आंखों में आंसू आ गए। घनश्याम नायक की अंतिम इच्छा ने कई लोगों को प्रभावित किया। नट्टू काका अपने व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने मरने के बाद भी सजते-संवरते रहने की इच्छा जताई थी। बाघा उर्फ तन्मय वेकारिया ने आगे बताया कि कैसे घनश्याम नायक के परिवार ने उनके अंतिम संस्कार के समय इस दिग्गज अभिनेता की अंतिम इच्छा पूरी की।

# भीगी साड़ी गाने में दिखी जान्हवी-सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का आइकॉनिक रेन सीक्वेंस सॉन्ग 'भीगी साड़ी' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में जान्हवी और सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस को बेहद पसंद आ रही है। 'भीगी साड़ी' से अदनान सामी की बॉलीवुड संगीत में वापसी हो रही है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल की आवाज और अदनान सामी की संगीत में वापसी है। सचिन-जिगर ने संगीत दिया है और अमिताभ भट्टाचार्य ने इसके बोल लिखे हैं। यह गाना बॉलीवुड के



क्लासिक बारिश वाले सीन की याद दिलाता है, जिसमें जान्हवी सफेद साड़ी और सिद्धार्थ सूती कमीज में नाचते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री और डांस इस गाने को खास बनाते हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का गाना 'भीगी साड़ी' शेयर किया और कैप्शन में लि खा , 'अदनान सामी के साथ पुरानी यादें ताजा होंगी। प्यार और जुनून से भरपूर, अदनान सामी की आवाज में पेश है। परमसुंदरी 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।

# केरल में रजनीकांत की कुली के लिए दीवाने हैं लोग, ऑफलाइन टिकट लेने लगी भीड़

**नई दिल्ली।** रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर लोगों में बहुत क्रेज हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है और इसे लेकर क्रेज लोगों में देखने वाला है। कुली में रजनीकांत के साथ श्रुति हासन, नागार्जुन अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। साथ ही आमिर खान का चौंका देने वाला कैमियो है। विदेशों में तो कुली की एडवांस बुकिंग ओपन हो चुकी है और केरल में भी ये शुरू हो गई है। ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सेल भी जबरदस्त हो रही है। लोग ऑफलाइन फिल्म की टिकट लेने के लिए थिएटर में भीड़ लगा रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें फैंस कुली की ऑफलाइन टिकट लेने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। जैसे ही ऑफलाइन बुकिंग ऑन होती है तो लोग थिएटर के अंदर टिकट लेने के लिए भागते हुए लेने आ रहे हैं। इसे देखकर लग रहा है कि लोग पहले दिन ही फिल्म को देख लेना चाहते हैं। लार्ज कैपिसिटी स्क्रीन वाली शोज हाउसफुल हो गए हैं और ऑफलाइन बिक्री में तेजी आ रही है। अभी तमिलनाडु और तेलुगु स्टेट में बुकिंग ओपन नहीं हुई है। वहां पर तो इससे भी ज्यादा देखने को मिलेगा। कुली की बात करें तो लंबे समय के बाद रजनीकांत का एक हटकर अंदाज देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर के बाद से ही रजनीकांत की खूब तारीफ हो रही है। अब फैंस को फिल्म रिलीज होने का इंतजार नहीं हो रहा है। कुली को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है।



### वॉर 2 से होगा क्लैश

रजनीकांत की कुली का क्लैश ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 से होने वाला है। वॉर 2 को लेकर भी जबरदस्त बज बना हुआ है। अब देखना होगा दोनों में से कौन-सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाजी मार पाती है।

## रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का है प्रतीक

# भाई-बहन के रिश्ते पर बनीं ये फिल्में देखकर छलक जाएंगी आंखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

आज रक्षाबंधन का त्योहार है। पूरे देश में ये त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ये भाई और बहन का त्योहार है, जिसमें भाई को बहन रक्षा सूत्र बांधती है। इसके बाद दोनों एक-दूसरे को वचन देते हैं। रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का प्रतीक है। यह दिन हमें उस प्यार, सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव की याद दिलाता है जो भाई और बहन के बीच होता है। रक्षाबंधन के त्यौहार पर हिंदी सिनेमा में कई फिल्में बन चुकी हैं। इन सभी फिल्मों में रक्षाबंधन पर गाने भी थे जो आज भी रक्षाबंधन पर बजाए जाते हैं। भाई-बहन के इस प्यार को फिल्मी पर्दे पर बड़ी शिद्दत से दिखाया जाता है। कोई भाई या बहन फिल्म देखे तो उसके आंखों से आंसू निकलना तो पक्का है। क्योंकि, उन फिल्मों की कहानी है ही इतनी इमोशनल।



### सिकंदर

राखी के त्योहार को फिल्मों में दिखाने की शुरुआत 1941 में आई फिल्म सिकंदर से हुई थी। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर ने सिकंदर की भूमिका निभाई थी। महबूब खान की फिल्म हुमायूं में भी इस त्यौहार को दिखाया गया था। हुमायूं में अशोक कुमार ने हुमायूं और वीना ने कर्णावती की भूमिका निभाई थी। इसके बाद तो फिल्मों में राखी का त्योहार दिखाने का सिलसिला ऐसा चला कि आज तक कायम है। कहा जाता है राखी की शुरुआत भी हुमायूं और कर्णावती के प्यार के बाद हुई थी।

### रेशम की डोरी

आत्माराम के निर्देशन में बनी 1974 में आई फिल्म रेशम की डोरी में भाई-बहन के बीच प्यार को बखूबी दिखाया गया। इस फिल्म में धर्मेंद्र और उनकी बहन के प्यार ने दर्शकों की आंखों में आंसू ला दिए और इस फिल्म का गाना 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है..' आज भी बड़ी शिद्दत से सुना जाता है।

### सरबजीत

2016 में आई ये फिल्म भी आप रक्षाबंधन में देख सकते हैं। ये फिल्म भी एक बहन की कहानी पर बनी है, जो अपने भाई को पाकिस्तान के जेल से वापस लाने की लड़ाई लड़ती है। इसे आप ऑनलाइन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी देख सकते हैं।

### जिगरा

ये फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। आलिया भट्ट की इस फिल्म में भाई और बहन के रिश्ते पर आधारित है। एक बहन अपने भाई को किस तरह से रक्षा करती है, इसमें देखने लायक है। आलिया के साथ इसमें वेदांग रैना भी हैं।



### हम साथ-साथ हैं

रिश्तों को बखूबी बयां करती फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' आज भी दर्शकों को खूब पसंद आती है। इस फिल्म में नीलम और उसके तीन भाइयों सलमान, सैफ और मोहनीश बहल के प्रेम को दर्शकों ने बेहद प्यार किया।

**जोश:** समय बदला तो भाई-बहन के प्यार का अंदाज भी बदला। अब फिल्मों में आधुनिकता आने लगी। जोश फिल्म में शाहरुख खान-ऐश्वर्या राय भाई-बहन के रोल में थे। फिल्म में शाहरुख अपनी बहन के प्यार के लिए विलेन बनते नजर आए।

**फिजा :** साल 2000 में आई फिल्म फिजा में ऋतिक और करिश्मा भाई बहन के किरदार में नजर आए। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे दंगों के बीच फिजा का भाई अमान गायब हो जाता है। फिजा अपने भाई की तलाश सालों तक करती है और आखिर में एक बहन का प्यार जीतता है और फिजा अमान को खोज लेती है।

# खादी केवल एक वस्त्र नहीं, हमारे स्वाधीनता संग्राम की आत्मा है: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गुरुवार को जवाहर चौक स्थित खादी एवं ग्रामोद्योग भवन पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज और वस्त्र खरीदकर डिजिटल भुगतान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि यह हमारे स्वाधीनता संग्राम की आत्मा है। हमें स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए खादी वस्त्र व तिरंगा खरीदना चाहिए।

खंडेलवाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और स्वाभिमान के प्रतीक रूप में खादी को जिस भावना से अपनाया था, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी पहले थी।

### स्थानीय कारीगरों के श्रम को मिलता है सम्मान



हर घर तिरंगा अभियान केवल तिरंगा फहराने की परंपरा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, गर्व और जागरुकता का अभियान है। यदि हम खादी का तिरंगा फहराते हैं, तो हम राष्ट्र प्रेम के साथ-साथ ग्रामोद्योग, आत्मनिर्भरता और स्थानीय कारीगरों के श्रम को भी सम्मान देते हैं। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

### कांग्रेस, उसके सहयोगी दलों ने निर्दोषों को फंसाया

खंडेलवाल ने कहा कि हिन्दू आतंकवाद जैसे नैरेटिव गढ़ने वाली कांग्रेस को सदैव याद रखना चाहिए कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। न्यायालय के फैसले ने सनातन धर्म, साधु-संतों एवं भगवा को अपमानित करने वाले लोगों को जवाब दिया है। वोट बैंक के लालच और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने न सिर्फ निर्दोषों को फंसाया, बल्कि पूरे हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने का संगठित प्रयास भी किया। इस फैसले से हिंदू धर्म को मानने वालों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो,
भोपाल ज़ोनल यूनिट
एनसीबी भोपाल केकेस नंबर 01/2020 में
वांछित आरोपी
रवींद्र सिंह, पिता- नरेश पाल
ब्लॉक -ए, गली न. 5, मकान न. 110, साई धर्मकाँटा के पास,
रोशन विहार, चावला रोड, नई दिल्ली
नकद पुरस्कार : 10,000/- (दस हज़ार रुपये)



उपर्युक्त फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए कोई भी जानकारी एनसीबी कंट्रोल रूम नंबर/ईमेल आईडी पर दी जा सकती है। मुखबिर को 10,000 (दस हज़ार) रुपये से पुरस्कृत किया जाएगा और उसकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।
कंट्रोल रूम संपर्क नंबर: 0755-2993368
ई-मेल आईडी:zdbzu-ncb@nic.in
स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, भोपाल आंचलिक ईकाई, भोपाल (म.प्र.)
Cbc 19126/11/0069/2526

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने नरसिंहगढ़ में बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

# सीएम डॉ. मोहन ने कुरावर में शासकीय महाविद्यालय शुरू करने की घोषणा की

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के अमिट रिश्ते का प्रतीक है, जो सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार लाड़ली बहनों के खातों में 1,859 करोड़ रुपए अंतरित किए। साथ ही उज्जवला योजना के अंतर्गत 28 लाख से अधिक बहनों को 43.90 करोड़ सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया।

डॉ. यादव ने यहां बहनों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया और विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरण भी किए। बहनों ने स्नेहपूर्वक उनकी कलाई पर राखी बांधी और धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे भैया डॉ. मोहन ने सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं दी, बल्कि हमारे रिश्ते को मान-सम्मान और आत्मीयता से भर दिया है। इस अवसर पर डॉ. यादव ने बहनों को झूला भी झुलाया।

### अब तक लाड़ली बहनों को 41 हजार करोड़ रूपए वितरित

**खास बातें**

- सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है रक्षाबंधन
- विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए



### बैजनाथ धाम के जीर्णोद्धार की घोषणा, चार भव्य द्वार भी निर्मित किए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरसिंहगढ़ के बैजनाथ धाम के जीर्णोद्धार की घोषणा की। धाम परिसर के चार भव्य द्वारा भी निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुरावर में छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा की बेहतर व्यवस्था के लिए शासकीय महाविद्यालय खोला जाएगा। क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए नेवज नदी को पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना से जोड़ा जाएगा। निकट भविष्य में राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ और ब्यावरा भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा होंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व से देश में आतंकी घटनाएं बंद हो गई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व से देश में आतंकी घटनाएं बंद हो गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर चलाकर दुश्मन को खत्म किया है। भाई अपनी जान की परवाह किए बिना बहन के सिंदूर की रक्षा करते हैं। इस बार 15 अगस्त ऑपरेशन सिंदूर के नाम होगा। जब देश सुरक्षित रहेगा तो भाई-बहन का रिश्ता सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि बहनों के लिए कार्यस्थल पर हॉस्टल बना रहे हैं। बहनों को गोपालन योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

### विशेष आयोजन 'आकांक्षा हॉट' का शुभारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर नीति आयोग के 'संपूर्णता अभियान' के अंतर्गत आयोजित विशेष आयोजन 'आकांक्षा हॉट' का शुभारंभ किया। यह आयोजन 7 अगस्त से 10 अगस्त तक चलेगा, जिसमें जिले की स्थानीय प्रतिभाओं और उत्पादों को एक नया मंच प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों और अन्य सामग्रियों का अवलोकन कर सराहना की।

### डॉ. यादव का रोड शो में हुआ भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अर्जुन तिराहा से बस स्टैंड तक आयोजित भव्य रोड-शो में शामिल हुए। नगरवासियों ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। रोड-शो के दौरान डॉ. यादव जनसमूह के बीच पहुंचे और नागरिकों का स्नेहपूर्वक अभिवादन स्वीकार किया। पूरे मार्गपर जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां नगरवासियों ने ढोल-नगाड़ें बजाकर स्वागत किया। बहनों ने कलश यात्रा निकाली और पुष्पवर्षा कर अपने भैया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया।

### दीपावली के बाद लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रु.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने लाड़ली बहनों को दी जा रही राशि 1250 रुपए हो चुकी है। इसे 3 हजार रुपए तक लेकर जाएंगे। राज्य सरकार ने अब तक 41 हजार करोड़ से अधिक राशि लाड़ली बहनों को बांटी है। डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को अगस्त में 250 रुपए के शगुन के साथ 1500 रुपए भेजे जा रहे हैं। दीपावली के बाद लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए दिए जाएंगे। अगले तीन साल में 2028 तक 3000 रुपए खाते में आएंगे।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) MARUTIS SUPCARYCNG REG. NO. DL1LAN2866-YOM- NA
2) TATA MOTORS LPT1109T ENG. NO. DL1MB1911-YOM-2023
3) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ9378-YOM -2023
4) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAH5443-YOM-2022
5) EICHR_VECV EIC_2059XP REG. NO. DL1LAN7713-YOM- NA
6) TATA MOTORS TATA610CBC REG.NO. DL1LAM0419-YOM-2023
7) ASHOK_LEY ALEA1920 REG. NO. UP16KT3780-YOM-2023
8) MARUTIS MSU_CARRY REG. NO. DL1LAJ7224-YOM-2023
9) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAL6225-YOM-2023
10) TATA MOTORS TATA_1512 REG. NO. DL1GE1604-YOM-2022
11) EICHR_DG EIC2109CBC REG. NO. DL1MB3825-YOM-NA
12) VECVL ECHPRO3018 REG. NO. UP14QT5211-YOM-NA
13) ASHOK_LEY ALECOM1412 REG. NO. HR58B1630-YOM-2019
14) TATA MOTORS LPT1109T REG. NO. DL1MB2338-YOM-2023
15) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAM9296-YOM-2024
16) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAL9781-YOM-2023
17) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAH9733-YOM-2022
18) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAL0413-YOM-2023
19) TATA MOTORS LPT1916CBC REG. NO. HR73B1308-YOM-NA
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL-raman.ahuja@kotak.com

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
दिल्ली जं. - सीतामढ़ी - दिल्ली जं. के बीच
नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा दिल्ली जं.–सीतामढ़ी–दिल्ली जं. के बीच नई साप्ताहिक अमृत भारत रेल सेवा सं. 14048/14047 का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अमृत भारत सेवा का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी सं. 14048/14047 दिल्ली जं.–सीतामढ़ी–दिल्ली जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)

| गाड़ी सं. 14048 आगमन | गाड़ी सं. 14048 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 14047 आगमन | गाड़ी सं. 14047 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:00 | दिल्ली जं. | 22:40 | ---- |
| 14:40 | 14:42 | गाजियाबाद | 21:25 | 21:27 |
| 16:53 | 16:55 | टूण्डला जं. | 17:20 | 17:22 |
| 20:05 | 20:10 | कानपुर सेंट्रल | 13:45 | 13:50 |
| 22:10 | 22:20 | लखनऊ जं. | 11:25 | 11:35 |
| 00:25 | 00:30 | गोण्डा जं. | 08:45 | 08:50 |
| 01:50 | 01:53 | बस्ती | 07:20 | 07:23 |
| 03:15 | 03:25 | गोरखपुर जं. | 05:25 | 05:35 |
| 04:10 | 04:12 | कप्तानगंज जं. | 04:06 | 04:08 |
| 04:50 | 04:52 | सिसवा बाज़ार | 03:46 | 03:48 |
| 06:33 | 06:35 | बगहा | 02:28 | 02:30 |
| 07:15 | 07:20 | नरकटियागंज जं. | 01:25 | 01:30 |
| 07:43 | 07:45 | सिकटा | 00:38 | 00:40 |
| 08:10 | 08:15 | रक्सौल जं. | 00:10 | 00:15 |
| 09:08 | 09:10 | बैरगनियां | 22:40 | 22:42 |
| 10:45 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 22:15 |

चलने के दिन: 14048 दिल्ली जं. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.08.2025 से तथा 14047 सीतामढ़ी से प्रत्येक रविवार को दिनांक 10.08.2025 से। स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

2428/2025
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर सीएम आवास पर कार्यक्रम**

# गोसाईं समाज को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए पत्र लिखकर अनुशंसा करेंगे : सीएम



चंडीगढ़। गोस्वामी तुलसीदास जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के निवास संत कबीर कुटीर पर राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से गोस्वामी समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों सहित प्रदेश के कौने-कौने से आए बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज द्वारा रखी गई मांग पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि गोसाईं समाज को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए हरियाणा सरकार ओबीसी आयोग को पत्र लिखकर सूची में नाम शामिल करवाने के लिए अनुशंसा करेगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में किसी एक चौक का नाम तथा हिसार में स्थापित किए जाने वाले बड़े पुस्तकालय का नाम गोस्वामी तुलसीदास जी के नाम पर रखा जाएगा। साथ ही, गोस्वामी समाज सभा की कुरुक्षेत्र में निर्माणाधीन धर्मशाला के लिए मुख्यमंत्री ने अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपये देने की घोषणा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समारोह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।



- प्रदेश में किसी एक चौक और हिसार में स्थापित किए जाने वाले पुस्तकालय का नाम गोस्वामी तुलसीदास के नाम पर रखा जाएगा

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पंचकूला में नशा मुक्ति अभियान 13 को

चंडीगढ़। नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 13 अगस्त को पंचकूला में एक राज्य-स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। उसी दिन, स्कूल और कॉलेज के छात्रों को जिला स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक प्रतिज्ञा भी दिलाई जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार यहां मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक में दी गई।

उन्होंने ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रतिज्ञाओं, शैक्षिक गतिविधियों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से नागरिकों को नशीली दवाओं की लत के खिलाफ एक जन आंदोलन का निर्माण करना है। समाज कल्याण एवं अधिकारिता विभाग नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है, जो राज्य और जिला, दोनों स्तरों पर अभियान चला रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के मकसद से, एक अगस्त से शुरू हुए इस अभियान में नाकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व अन्य मिलकर चला रहे है।

## आईईएचई: धूमधाम से मनाई गई प्रो. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी

भोपाल। राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के कृषि विभाग में हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिरा चौधरी के साथ कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार भारद्वाज, कृषि विभाग की फैकल्टी डॉ. स्मिता राजन, डॉ प्रतिमा शर्मा, डॉ. शुभम मिश्रा एवं डॉ प्रियंका गुर्जर की उपस्थिति रहीं।

# घोष ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद, पंजाब के राज्यपाल व सैनी को दिया लंच

चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा के मुख्यमंत्रीनायब सिंह सैनी के साथ नाश्ते पर मुलाकात की। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि हरियाणा के राज्यपाल के रूप में, मैंने कुछ दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को हरियाणा राजभवन में नाश्ते के लिए आमंत्रित किया था। मैंने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी निमंत्रण दिया था।



### प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को वितरित करेंगे पात्रता प्रमाण पत्र

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 13 को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कुम्हार/प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ राज्य के विभिन्न मंत्रीगण, सांसद तथा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में पात्र परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। विस स्पीकर करनाल में प्रमाणपत्र वितरित करेंगे।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 7 अदद रोड के सुधार का कार्य। (1) बीबीपुर ऐप रोड (रोड आईडी 7184) लंबाई 2.20 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और नई सहित मजबूतीकरण तथा सीसीबी पुनः बिछाना (2) सैदछपरा ऐप रोड (रोड आईडी 7194) लंबाई 0.400 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा सीसीबी पुनः बिछाना (3) राजेपुर ऐप रोड (रोड आईडी 7203) लंबाई 1.770 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और नई सीसीबी। (4) उमरपुर स्कूल ऐप रोड पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा सीसीबी पुनः बिछाना (रोड आईडी 7205) लंबाई 0.330 किमी (5) धनौरा से कालरा ऐप रोड पर (रोड आईडी 7212) लंबाई किमी 2.200 पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और सीसीबी पुनः बिछाना (6) पथेरा से राजेपुर (रोड आईडी-8853) लंबाई 0.750 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण जमा बीएम जमा 20 मिमी पीसी और सीसीबी को पुनः बिछाना (7) मूसेपुर से इंद्री गढ़ी बीरबल तक तुसंग पुल के निकट (रोड आईडी-11101) लंबाई 2.250 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी + 1 कार्य। | 07.08.2025 16.08.2025 | 730.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 4 अदद रोड के सुधार का कार्य (1) खेड़ी मान सिंह से पढाना (रोड आईडी-7260) लंबाई 4.820 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (2) अमरगढ़ ऐप रोड (रोड आईडी 7311) लंबाई 2.600 पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (3) गोरगढ़ से खेड़ी मान सिंह (रोड आईडी-11125) लंबाई 1.920 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (4) रंबा से खेड़ी मान सिंह (रोड आईडी 11341) लंबाई 3.130 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण। | 06.08.2025 19.08.2025 | 580.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में उकलाना में नये लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण (2 अदद 13 पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 07.08.2025 19.08.2025 | 66.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में लघु सचिवालय फेज-I और फेज-II में सीसीटीवी कैमरों का प्रावधान। | 06.08.2025 18.08.2025 | 72.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | झज्जर जिले में गांव जहांगीरपुर में राजकीय आईटीआई में सोलर स्ट्रीट लाइट, सिक्योरिटी कैमरों, आरओ सहित वाटर कूलर, डीजी सैट और अग्निशमन उपकरणों का प्रावधान (सीसीटीवी कैमरों और अग्निशमन उपकरणों का प्रावधान केवल)। | 06.08.2025 13.08.2025 | 8.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत) 3 अदद रोड का कार्य (1) संगोहा से जयरामपुर, शाहपुर रोड (रोड आईडी-7256) लंबाई आरडी 0.00 से 9.200 किमी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (2) फाजिलपुर से शाहपुर रोड (रोड आईडी-7262) लंबाई 2.980 किमी. पर 30 मिमी बीसी सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (3) मुरादगढ़ से फाजिलपुर रोड (रोड आईडी-7263) लंबाई 1.770 किमी. पर 30 मिमी बीसी सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना। | 06.08.2025 16.08.2025 | 408.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-12ए, पंचकूला में हरियाणा मंत्री मकानों के परिसर में 30 मिमी मोटी बीसी का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 21.08.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722618279 pwd-eecd- chandigarh@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला शहर में जिला सामान्य हस्पताल की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 07.08.2025 14.08.2025 | 54.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में रतिया में परिसर के मेन गेट के निकट कंसरटीना वायर का प्रावधान और चारदिवारी को ऊपर उठाना + 1 कार्य। | 07.08.2025 14.08.2025 | 26.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 10 | सिविल सर्जन, रोहतक | रोहतक जिले हेतु आईईसी सामग्रियों और मुद्रण सामग्रियों इत्यादि की खरीद के लिए अग्रणी हिन्दी समाचार-पत्रों में विज्ञापन के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 22.08.2025 | 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1262282430 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 11 | सिविल सर्जन, रोहतक | रोहतक जिले हेतु मेडिकल गैसेज के सिलेंडर भरने के लिए अग्रणी हिन्दी समाचार-पत्रों में विज्ञापन के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 22.08.2025 | 80000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1262282430 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज कैथल | गांव नंदगढ़ में पंचायत भूमि से तगिंदर और अमरीक के मकान तक पेवर ब्लॉक की गली का निर्माण + 10 कार्य। | 07.08.2025 13.08.2025 | 62.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज रोहतक | गांव मदीना गिंदरान ब्लॉक महम, जिला रोहतक में बसाना रोड से श्री गणेश मंदिर तक आईपीबी रास्ता का निर्माण। | 05.08.2025 11.08.2025 | 46.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज रोहतक | गांव व डा. जसिया में बीकेसी के निकट हॉल का निर्माण। | 07.08.2025 13.08.2025 | 52.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज भिवानी | गांव प्रेम नगर ब्लॉक भिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा में 25 बिस्तर वाले आयुर्वेदिक हस्पताल का निर्माण। | 05.08.2025 11.08.2025 | 803.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 16 | सिविल सर्जन जीन्द | जीन्द जिले में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के लिए आईईसी और मुद्रण सामग्री। | 07.08.2025 17.08.2025 | ईएमडी 1.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 17 | वन विभाग सिरसा | सिरसा और ओढ़ां ब्लॉक में नया पौधारोपण कार्य। | बंद होने की तिथि 14.08.2025 | 61.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 18 | वन विभाग हिसार | सीजैडए दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी प्रकार से पूर्ण लघु चिड़ियाघर भिवानी और हिरण पार्क हिसार का मास्टर प्लान, एनिमल कलेक्शन प्लान और लेआउट प्लान को तैयार करना। | 06.08.2025 12.08.2025 | 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662259233 dwlohisar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/360/37517/I/88/7 दि. 08.08.25

## चिंतन

# संसद नहीं चलने देने से क्या हासिल हो पाएगा

संसद का मानसून सत्र लगातार विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। 21 जुलाई से सत्र शुरू हुआ है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। सरकार ने कई विधेयक पास कराने की तैयारी की है, लेकिन विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए कहीं से भी ठीक नहीं है। आखिर जनता की गाढ़ी कमाई कब तक यूं ही जाया होती रहेगी? संसद सत्र के शुरू होने से पहले ही सरकार ने आश्वासन दिया था कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर, एसआईआर, ट्रंप के दावे समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की थी। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की, विपक्ष की मांग के अनुरूप दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर जवाब भी दिया गया, इसके बाद भी विपक्ष शांत नहीं हुआ। वह अभी भी हंगामा ट्रैक पर है। आज आठ अगस्त को भी विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज तो बाधित कर ही रहे हैं, आज उन्होंने गैर सरकारी कामकाज को भी अवरुद्ध किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने दोहराया कि सरकार ने शुरू से कहा है कि नियमों के तहत वह हर मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी कहा कि 'मैं आपसे पुनः आग्रह कर रहा हूं कि प्रश्नकाल चलने दें। यह महत्वपूर्ण समय होता है। नारेबाजी करना संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। देश की जनता देख रही है कि नियोजित तरीके से सदन को कैसे बाधित किया जा रहा है।' राज्यसभा में भी यही स्थिति रहती है। सदन में चर्चा कम और हंगामा अधिक होता है। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हैं, आसन के नजदीक चले जाते हैं, नियम के विपरीत चर्चा की मांग करने लगते हैं, प्रश्नकाल नहीं चलने देते हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जारी गतिरोध का जिक्र करते हुए शुक्रवार को बताया कि 'वर्तमान सत्र में लगातार हंगामे की वजह से सदन का अब तक 56 घंटे 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।' उच्च सदन में आज भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए दिए गए नोटिस आसन द्वारा खारिज किए जाने के विरोध में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बैठक शुरू होने के दस मिनट बाद ही दोपहर बारह बजे तक और बारह बजे शुरू होने पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। उपसभापति हरिवंश ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 20 नोटिस मिले हैं। वर्तमान सत्र में रास सदस्यों के पास आज तक 195 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत लोक महत्व से जुड़े 195 मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये 195 महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का अवसर था लेकिन अब तक केवल 13 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत सिर्फ पांच मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये मात्र 17 मुद्दे ही उठाए गए हैं। यह पहली बार नहीं है, बल्कि पिछले दो दशक से ऐसा ही हो रहा है। विपक्ष में जो भी दल रहे हों, संसद सत्र के दौरान व्यवधान उत्पन्न करते रहे हैं। संसद सत्र को अधिक उपयोगी बनाने की जरूरत है। अब जितने भी दिन सत्र बचे हैं, पक्ष व विपक्ष कोशिश करें कि सत्र चल सकें व जनोपयोगी मुद्दों पर चर्चा हो सके व विधेयक पास हो सकें।

# मतदाता सूचियों में पारदर्शिता जरूरी



विमर्श
आलोक शुक्ला

**विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इस पर निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है।**

सात जुलाई को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इनमें से 11,965 मतदाता डुप्लीकेट थे, 40,009 मतदाताओं के पते फर्जी थे, 10,452 के नाम बड़ी संख्या में किसी एक ही पते पर दिखाए गए थे। 4,132 मतदाताओं की फोटो पहचानना संभव नहीं था और 33,692 मतदाताओं के नाम फार्म 6 का दुरुपयोग करके मतदाता सूची में जोड़े गए थे। राहुल गांधी की इस पत्रकार वार्ता से राजनीतिक भूचाल आ गया है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर एक राष्ट्रीय बहस भी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के अंतर्गत शपथ के साथ घोषणा पत्र देने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी का पहला आरोप तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी को चुनावों में मदद करने के लिए महादेवपुरम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटरों का पंजीकरण जानबूझकर किया गया है। दूसरा आरोप यह है कि इन फर्जी वोटरों ने भाजपा के पक्ष में वोट डाले और इस प्रकार निर्वाचन आयोग की मदद से भाजपा ने चुनाव को चुरा लिया। भाजपा ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत, राजनीति से प्रेरित और देश के लिए अहितकर बताया है। राजनीतिक दल होने के कारण भाजपा से ऐसी ही राजनीतिक प्रतिक्रिया की अपेक्षा भी थी। परन्तु निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। नियम 23(3)(बी) के अंतर्गत निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील करने का प्रावधान है, जिसके लिए 15 दिन की समय सीमा भी निर्धारित है। साफ है कि न तो इतने दिनों बाद अपील की जा सकती है और न ही राहुल गांधी अपील कर रहे हैं। राहुल गांधी ने तो एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वयं उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची का विश्लेषण करते हुए जानबूझकर फर्जी नाम जोड़े जाने के आरोप लगाए हैं। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता के जिम्मेदार पद पर हैं इसलिए इस आलेख में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा को सही मानते हुए उसका तथ्यपूर्ण विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। यह आलेख इस बात का प्रयास करता है कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को पक्षपातपूर्ण न मानते हुए मतदाता सूची में राहुल गांधी दिखाई गई विसंगतियां के कारणों को समझा जाए।

मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम और फार्म 6 का दुरुपयोग, यह दोनों लगभग एक समान आरोप हैं, इसलिए इन पर एक साथ विचार करेंगे। दरअसल बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में डुप्लीकेट नामों की समस्या



लंबे समय से चली आ रही है। इन शहरों में लोग अक्सर किराये के मकानों में रहते हैं। मकान मालिक अधिकतर 11 महीनों के लिए किरायानामा करते हैं और उसके बाद किरायेदार पर मकान खाली करने का दबाव डालते हैं। मेट्रो शहरो में बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों से आते हैं और जल्दी-जल्दी जॉब बदलने के कारण अपना पता भी बदलते रहते हैं। यह लोग नए पते पर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा तो लेते हैं, परन्तु पुराने स्थापन से अपना नाम कटवाते नहीं हैं। जब इनके परिवार साथ में रहते हैं, तो बूढ़े मां-बाप का नाम भी मतदाता सूचियों में 2 स्थानों पर जुड़ जाता है। निर्वाचन आयोग चुनाव के ठीक पहले मतदाताओं के नाम जोड़ने की मुहिम भी चलाता है जिसके कारण भी ऐसे डुप्लीकेट नामों की संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। हालांकि फार्म-6 में यह घोषणा की जाती है कि नाम जुड़वाने का आवेदन देने वाले व्यक्ति का नाम अन्य किसी स्थान की मतदाता सूची में नहीं है, परन्तु कोई भी इस घोषणा को गंभीरता से नहीं लेता है और लोगों के नाम अनेक स्थानों पर जुड़ते ही जाते हैं। फर्जी पते और एक ही मकान में बहुत अधिक नामों के होने का कारण दरअसल यह है कि निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के आदेश जारी किए हैं जिनका कोई स्थाई पता नहीं है। आयोग का यह फैसला ऐसे गरीब मजदूरों के पक्ष में है जिनके पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है और जो फुटपाथ पर भी जीवन काटने के लिए मजबूर हैं। मेट्रो शहरों में लगातार चल रहे निर्माण कार्यों के कारण ऐसे लोगों की बड़ी संख्या होती है। इन गरीबों को अक्सर नगर निगम के अधिकारी और पास के गुंडे फुटपाथ पर उनके रहने के स्थान से भगाते रहते हैं। इस कारण वे अपने रहने का स्थान बदलते रहते हैं। ऐसे लोगों के नामों को फर्जी पते वाला कहा गया है। पहचान राहुल गांधी का तीसरा आरोप है कि बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनकी पहचान योग्य फोटो मतदाता सूची में नहीं है। दरअसल कुछ साल पहले तक मतदाता सूचियों में मतदाता की फोटो होती ही नहीं थी। आयोग ने जब फोटो जोड़ने का निर्णय लिया तो अधिकारियों ने फोटो एकत्रित करना प्रारंभ किया। बहुत सी फोटो अच्छी क्वालिटी की नहीं मिलीं। आयोग धीरे-धीरे अच्छी क्वालिटी की फोटो एकत्र करने का कार्य कर रहा है, पर यह कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। आयोग के पास क्या विकल्प हैं - राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची के विश्लेषण का आसान स्पष्टीकरण आयोग दे सकता है। न जाने किस कारण से निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के साथ विवाद की स्थिति उत्पन्न करने की नीति अपनाई है। मेरा मानना तो यह है कि राहुल गांधी ने डुप्लीकेट नामों, फर्जी पते और खराब फोटो की जो सूचियां पत्रकार वार्ता में दिखाई थीं, वह सूचियां उनसे मांगकर निर्वाचन आयोग को उनमें शामिल प्रत्येक नाम की जांच अपने अधिकारियों से करा लेनी चाहिए और प्रत्येतक नाम के संबंध में उचित कारण देते हुए अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए। हर भारतीय की यह अपेक्षा है कि त्रुटिहीन निर्वाचक नामावली तैयार की जाए। आयोग शायद इसी उद्देश्य से पहले बिहार में और फिर सारे देश में सघन पुनरीक्षण का कार्य करना चाहता है। परन्तु आयोग को यह समझना होगा कि जब तक नई और उन्नत तकनीक का प्रयोग करके प्रक्रिया में सुधार नहीं किया जाएगा, तब तक सघन पुनरीक्षण का कोई लाभ नहीं होने वाला है। अच्छा होगा कि निर्वाचन आयोग सूचना प्रौद्योगिकी के जानकारों की एक राष्ट्रीय समिति बनाए जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी रखा जाये। यह समिति मतदाता सूचियों को शुद्ध रूप में बनाने और उनके रखरखाव के संबंध में जो सुझाव दे उन पर आयोग को खुले हृदय से विचार करना चाहिये और उसके बाद देशहित में फैसला लेना चाहिये।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## स्पेस स्टेशन

डॉ. रमेश ठाकुर



# अंतरिक्ष से मिसाइल अटैक की योजना बना रहे देश!

भविष्य में लड़ाई लड़ने के तरीके बदलने वाले हैं। पावरफुल मुल्क बंदूक, तोप, तलवारों या अन्य हथियारों से नहीं, बल्कि मिसाइलों से अंतरिक्ष में बने 'स्पेस स्टेशनों' से युद्ध की योजना बना रहे हैं। सुखद ख़बर यहां ये है कि भारत भी इस योजना से पीछे नहीं है। अन्य देशों की 'मिसाइल अटैक' वाली मंशाओं की संभावनाओं के बीच भारत ने भी अंतरिक्ष में अपना पैर जमा दिया है। सिर्फ दशक भर बाद किसी पराए नहीं, स्वनिर्मित 'अतंराष्ट्रीय स्पेस सेंटर' में उतरा करेंगे हमारे भारतीय अंतरिक्ष यात्री। इसके लिए भारतीय वैज्ञानिकों की कोशिशें अंतिम चरण में हैं। कुल मिलाकर अगर ये मिशन 10 सालों में मुकम्मल होता है, तो स्पेस में भी हम सफलता के झंडे गाड़ देंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो द्वारा वर्ष-2035 तक अंतरिक्ष में खुद का 'इंटरनेशनल स्पेस सेंटर' बनाने का ऐलान किया जा चुका है। बीते दिनों बेशक शुभांशु शुक्ला नासा अधिकृत मिशन के जरिए स्पेस सेंटर में उतरे हों, पर भविष्य में जब कोई भारतीय अंतरिक्ष में यात्रा करेगा, तो वह अपने स्पेस सेंटर में ही लैंड करेगा। ऐसी सफलता निश्चित रूप से बदलते हिंदुस्तान की अकल्पनीय, करिश्माई व अनोखी कही जाएगी। पावरफुल देश अंतरिक्ष क्षेत्र को क्यों तवज्जो देने में लगे हैं? क्यों वहां नित नई तकनीकी शक्तियों के विस्तार में जुटे हैं? क्या भविष्य में 'स्पेस स्टेशन' के जरिए मिसाइल अटैक करने की कोई योजनाएं तो नहीं बनाई जा रही हैं? ऐसे तमाम सवाल लोगों के मन में कौंधने लगे हैं। सवाल उठने वाजिब इसलिए भी हैं, क्योंकि मौजूदा वक्त में ज्यादातर देश अपनी लड़ाइयां जमीन को छोड़कर हवाई मिसाइलों से लड़ने लगे हैं। ईरान, इजरायल, गाजा, फिलिस्तीन, यूक्रेन-रूस और अभी हाल में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में हुए सीजफायर इसके उदाहरण हैं। शायद वो वक्त दूर नहीं, जब आगामी लड़ाइयों की आहटें हमें सीधे अंतरिक्ष से सुनाई दिया करेंगी। ये बातें बेशक चौंकाने वाली हों, पर ऐसा मुमकिन होता दिखाई पड़ने लगा है। अंतरिक्ष स्टेशनों से युद्ध स्तर पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक शोधों में कुछ मुल्क बीते कुछ दशकों से लगे हुए हैं। अभी तक अंतरिक्ष में मात्र दो ही स्पेस स्टेशन हैं।

पहला, 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' जिसे अमेरिका-रूस व अन्य देशों ने अपने साझा प्रयास से मिलकर तैयार किया है। वहीं, दूसरा स्पेस स्टेशन चीन का निजी है। हालांकि अब रूस, अमेरिका, भारत व एकाध और अन्य मुल्क अपने-अपने निजी 'स्पेस स्टेशन' बनाने के अंतिम चरणों में हैं। अगले 10 साल में भारत के अलावा रूस भी अपना स्पेस स्टेशन स्थापित कर लेगा। मकसद भले ही इन स्पेस स्टेशनों का प्रयोग वैज्ञानिक शोधों के लिए हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि इन स्पेस स्टेशनों के जरिए कुछ देश सैटेलाइट्स मिसाइलों से लड़ाइयां लड़ने की जुगत भिड़ा रहे हों? उनके पहुंचने का माध्यम इस बार भले ही 'एक्सिओम मिशन-4' क्यों न रहा हो? लेकिन भविष्य में ये निर्भरता खत्म होने को है। अंतरिक्ष में निजी स्पेस स्टेशन सिर्फ चीन का है, लेकिन उस दिशा में भारत भी करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2009 में अमेरिका ने रूस के साथ एक करार किया था, जिसमें उन्होंने अपना अलग स्पेस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा था। उस प्रस्ताव की प्रासंगिकता अब समझ में आती है। अपने निजी स्पेस स्टेशन के जरिए अमेरिका अंतरिक्ष से मिसाइल से लड़ने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष में भी अपना एकछत्र राज करना चाहता है। धरती से अंतरिक्ष की दूरी करीब 62 मील है, जिसे पूरा करने में 28 घंटे लगते हैं। इतनी दूरी वाली मारक क्षमता वाली मिसाइल अमेरिका तैयार कर रहा है। अंतरिक्ष में 24 घंटे में 16 दफे सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त होता है। 90-90 मिनट की दिन और रातें होती हैं।

अंतरिक्ष स्टेशन 24 घंटे में पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार चक्कर लगाते हैं। इन सभी की पड़ताल अमेरिका कर चुका है। सैटेलाइट मिसाइलों का प्रयोग अतंरिक्ष से कैसे हो, इसके लिए नासा की रिसर्च बहुत पहले से जारी है। इसरो और नासा अंतरिक्ष में मानव जीवन, सांस, पानी होने की पड़तालों में भी जुटे हैं। पर, इसरो का अगला कदम सन-2035 में अंतरिक्ष में खुद का 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने के अलावा वर्ष-2040 तक चंद्रमा पर मनुष्य को उतारना है। इसके लिए वह 'मिशन गगनयान' को लांच करने की घोषणा पहले ही कर चुका है। इस मिशन में लगे वैज्ञानिकों को विशेष स्पेस ट्रेनिंग दी जा रही है। इसरो अपने आगामी 'गगनयान मिशन' को अब तक के सबसे बड़े मिशन में गिन रहा है जिसकी तैयारियों में बीते कई वर्षों से देश के टॉप 400 अंतरिक्ष वैज्ञानिक लगे हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
**दर्शन**

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
**प्रेरणा**

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**लोगों में धन की भूख बढ़ी**

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसके विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। - विवेक चौधरी, बेमेतरा

## करंट अफेयर

# भारत पर शुल्क लगाना 'राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा'

व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाना ''राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा'' है, जो नयी दिल्ली के ''रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार'' से जुड़ा है। पिछले सप्ताह, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके तहत रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। इसके साथ ही कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। व्हाइट हाउस में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान नवारो ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि ''भारत पर लगाए गए शुल्क का तर्क पारस्परिक शुल्क से बिलकुल अलग है।'' उन्होंने कहा, ''यह पूरी तरह से एक राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दा है, जो भारत के रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार से जुड़ा हुआ है और हर अमेरिकी को इसका गणित समझना चाहिए, क्योंकि यह व्यापारिक स्थिति से संबंधित है।'' नवारो ने कहा, ''आप इस बात से समझिए कि भारत शुल्क का 'महाराजा' है, यह अमेरिकी उत्पादों पर दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्क लगाता है और इसके पास ऊंची गैर-शुल्क बाधाएं भी हैं, जिससे हम अपने उत्पाद वहां नहीं पहुंचा पाते।''



## ऑफ बीट

# कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ अधिक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं?

खाद्य पदार्थों की सामग्री को उनके वजन के क्रम में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि सूची में सबसे पहले वाली चीजें ही उत्पाद का सबसे बड़ा हिस्सा बनाती हैं। सबसे आखिर वाली चीजें सबसे कम होती हैं। खाद्य लेबल में पोषण संबंधी जानकारी पैनल भी शामिल होता है, जो आपको प्रत्येक बार परोसे जाने पर प्रमुख पोषक तत्वों (ऊर्जा, प्रोटीन, कुल कार्बोहाइड्रेट, शर्करा, कुल वसा, संतृप्त वसा और सोडियम) की मात्रा बताता है। यह पैनल आपको प्रति 100 ग्राम या मिलीलीटर में सामग्री भी बताता है, जिससे आप प्रतिशत की गणना कर सकते हैं। संपूर्ण खाद्य पदार्थों को भी पैक किया जा सकता है। जिन उत्पादों की सामग्री सूची में केवल एक, दो या तीन वस्तुएं होती हैं, वे आमतौर पर अपने उस रूप के क़रीब होते हैं जैसा खाद्य पदार्थ खेत से सीधे लाए जाने पर होता है। इसलिए, भले ही ये पैकेजिंग में आते हों, इन्हें संपूर्ण खाद्य पदार्थ माना जा सकता है। ''संपूर्ण खाद्य पदार्थ'' वे हैं जिन पर शून्य से न्यूनतम प्रसंस्करण किया गया है, जैसे ताजे फल और सब्जियां, दालें, फलियां, साबुत अनाज जैसे जई या भूरा चावल, बीज, मेवे और अप्रसंस्कृत मांस और मछली। समग्र स्वास्थ्य को सहारा देने के लिए, ऑस्ट्रेलियाई आहार संबंधी दिशानिर्देश संपूर्ण खाद्य पदार्थ खाने तथा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को सीमित करने की सलाह देते हैं।



## ट्रेंड

### उज्ज्वला योजना



रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व मोदी जी ने देश की करोड़ों बहनों को सौगात देते हुए 12,000 करोड़ की लागत से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी है।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हर घर तिरंगा अभियान



इस बार हर घर तिरंगा अभियान और भी है खास आपरेशन सिंदूर से विजय का अद्भुत है अहसास। "हर घर तिरंगा" अभियान के वालेंटियर बनिए। अपने आसपास देशभक्ति के इस राष्ट्र उत्सव का आनंदित वातावरण बनाइए। अपनी जान-पहचान के नागरिकों को इससे जोड़िए।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### अर्थव्यवस्था की रीढ़



खेती-किसानी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ के साथ-साथ हमारी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की पहचान है। खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। हम मेहनतकश किसानों को खुशहाल और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
-हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड

### भाजपाई भ्रष्टाचार



प्रयागराज के नाम पर 20 हज़ार करोड़ का स्मार्ट सिटी का जो फंड भाजपाई निगल गये, अगर 'महाकुंभ के उस महाकोष' का एक अंश भी सीवर और नाला सफ़ाई में लग जाता तो प्रयागराज का थाना आज तालाब न बनता। ये भाजपाई भ्रष्टाचार है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के तुलना में 11 फीसदी अधिक

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पहली तिमाही में रिकॉर्ड 44,218 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में संचयी रूप से 44,218 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड मुनाफा कमाया। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। बीते वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों ने कुल मिलाकर 39,974 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। कुल मिलाकर लाभ में 4,244 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। शेयर बाजारों पर प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, एसबीआई ने अकेले 44,218 करोड़ रुपये के कुल लाभ में 43 प्रतिशत का योगदान दिया।



- सभी 12 बैंकों ने कुल मिलाकर 39, 974 करोड़ का लाभ कमाया
- एसबीआई ने अकेले 44,218 करोड़ रुपए का योगदान दिया
- एसबीआई ने पहली तिमाही में 19,160 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया

### ओवरसीज बैंक ने सर्वाधिक 76 फीसदी की वृद्धि अर्जित की

एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 19,160 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। चेन्नई स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक ने सर्वाधिक 76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,111 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया, जिसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक का शुद्ध लाभ 48 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 269 करोड़ रुपये रहा।

### पीएनबी को छोड़ सभी बैंकों के लाभ में इजाफा

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को छोड़कर, बाकी सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों के मुनाफे में वृद्धि हुई है। पीएनबी का शुद्ध लाभ 48 प्रतिशत घटकर 1,675 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 3,252 करोड़ रुपये था।

### सेंट्रल बैंक के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 32.8 प्रतिशत बढ़कर 1,169 करोड़ रुपये, इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ 23.7 प्रतिशत बढ़कर 2,973 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ 23.2 प्रतिशत बढ़कर 1,593 करोड़ रुपये रहा।

### एसबीआई का लाभ 12% बढ़कर 19,160 करोड़ रुपए

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 19,160 करोड़ हो गया। बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा था।

### कुल आय बढ़कर 1,35,342 करोड़

भारतीय स्टेट बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,35,342 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 1,22,688 करोड़ रुपये थी। बैंक द्वारा अर्जित ब्याज आय बढ़कर 1,17,996 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,11,526 करोड़ रुपये थी। परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 26,449 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,544 करोड़ रुपये हो गया।

### एनपीए घटकर 1.83 फीसदी रहा

परिसंपत्ति गुणवत्ता की बात करें तो बैंक की जून तिमाही के अंत में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिमों का 1.83 प्रतिशत रह जाने के साथ इसमें सुधार हुआ जो एक साल पहले 2.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए या खराब ऋण भी सालाना आधार पर 0.57 प्रतिशत से घटकर 0.47 प्रतिशत हो गया।

## बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी ने आयोजित की एसओएलएस कन्वर्सेशन्स का छठा संस्करण: 'द सेकंड बैटल ऑफ़ कालकाजी'



नई दिल्ली। हीरो ग्रुप की पहल बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी (बीएमयू) ने अपनी स्कूल ऑफ़ लिबरल स्टडीज़ (एसओएलएस ) के माध्यम से इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में एसओएलएस कन्वर्सेशन्स का छठा संस्करण आयोजित किया। इस कार्यक्रम का शीर्षक था 'द सेकंड बैटल ऑफ़ कालकाजी: इमैजिनेशन एंड स्टोरीटेलिंग', जिसमें नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री और लेखक अभिजीत वी. बनर्जी, विख्यात ग्राफिक नोवेलिस्ट और फिल्मकार सारनाथ बनर्जी, और नेशनल जियोग्राफिक एक्सप्लोरर तथा पर्यावरण पत्रकार आरती कुमार-राव ने भाग लिया।शाम की शुरुआत तीन विचारोत्तेजक लघु फिल्मों – 'द लैंड ऑफ गुड इंटेंशन्स', 'द इटरनल स्वैम्प' और 'द प्राइस ऑफ वॉटर (ज्वोलर दोर)' – के प्रीमियर से हुई। इन फिल्मों ने व्यक्तिगत स्मृति को पर्यावरणीय चिंतन से जोड़ते हुए जल, विकास और मनुष्य-प्रकृति के जटिल संबंधों पर प्रभावशाली दृश्य कथा प्रस्तुत की।फिल्मों के प्रदर्शन के बाद पैनल ने एक विचारोत्तेजक संवाद में भाग लिया, जिसमें पारिस्थितिकी, स्मृति, विस्थापन, और जटिल वास्तविकताओं को समझने में रचनात्मक कल्पना की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इस चर्चा में आर्थिक नीतियों से लेकर पर्यावरणीय क्षरण, दृश्य कहानी कहने की कला और सांस्कृतिक मानवविज्ञान जैसे विविध दृष्टिकोणों ने समृद्धि प्रदान की।बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी की स्कूल ऑफ़ लिबरल स्टडीज़ के डीन और प्रोफेसर अरिंदम बनर्जी ने कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए कहा, "एसओएलएस कन्वर्सेशन्स के माध्यम से हमारा उद्देश्य एक ऐसे युग में विचारशील संवाद के लिए स्थान तैयार करना है जो निरंतर विचलित रहता है।

## अमेरिकी शुल्क से भारत के वृद्धि दर पर पड़ेगा असर : मूडीज

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को कहा कि अगर अमेरिका 27 अगस्त से भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर देता है तो वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर छह प्रतिशत रह जाएगी। यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए 6.3 प्रतिशत वृद्धि दर के मौजूदा पूर्वानुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। हालांकि रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की मजबूत घरेलू मांग और सेवाओं के क्षेत्र की मजबूती अमेरिकी शुल्क के दबाव को कुछ हद तक कम करने में सफल रहेगी। मूडीज ने कहा कि उच्च अमेरिकी शुल्क पर भारत की प्रतिक्रिया से ही यह तय होगा कि इसकी आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और बाहरी स्थिति पर इसका क्या असर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने छह अगस्त को भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा की थी। इसके साथ ही 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर लगने वाला कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। मूडीज ने कहा कि भारतीय आयात पर लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों पर लागू 15-20 प्रतिशत शुल्क के मुकाबले कहीं अधिक है।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शुल्क चिंता में सेंसेक्स ने 765 अंक का गोता लगाया

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स 765 अंक लुढ़क गया। निफ्टी में भी 233 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 765.47 अंक गिरकर 80,000 के स्तर से नीचे 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,507 शेयर गिरावट में रहे जबकि 1,521 शेयरों में तेजी रही और 145 अन्य अपरिवर्तित रहे। निफ्टी भी 232.85 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार छठा कारोबारी सप्ताह है जब बाजार नुकसान में रहा है।

### बाजार तीन माह के निचले स्तर पर बंद हुआ

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क के प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ने से घरेलू बाजार में गिरावट रही और यह तीन माह के निचले स्तर पर बंद हुआ।/" नायर ने कहा, /"विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बिकवाली जारी रखी है जिससे घरेलू सूचकांकों पर दबाव बढ़ रहा है।

## नेशनल बिज़नेस अचीवर समिट एंड अवाड्र्स 2025 में चमकी भारत की उद्यमशीलता

- केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जयाप्रदा ने भारत के उभरते बिज़नेस लीडर्स को किया सम्मानित





**नई दिल्ली।** देश की कारोबारी दुनिया की नई ताकत और आत्मनिर्भर भारत की भावना का उत्सव आज नईदिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में देखने को मिला, जहां आयोजित हुआ नेशनल बिज़नेस अचीवर समिट एंड अवाड्र्स 2025—एक ऐसा मंच जिसने देशभर से आए प्रतिभाशाली उद्यमियों और इनोवेटर्स को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया।

इस भव्य समिट में कारोबार, नवाचार और राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका निभा रहे बिज़नेस लीडर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 'वोकल फॉर लोकल', 'आत्म निर्भर भारत' और 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' जैसे अभियानों को व्यावसायिक धरातल पर साकार किया है। मुख्यअतिथि केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगमंत्री श्री चिराग पासवान ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा, "हमारी सरकार का मकसद नीतियों को सरल बनाकर कारोबारियों को आगे बढ़ने का अवसर देना है, बाधा नहीं। चाहे खाद्य प्रसंस्करण हो या टेक्नोलॉजी—हर क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ा वा मिलना चाहिए।"





### 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' पर राजधानी दिल्ली में खादी और फैशन का संगम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (**National Handloom Day**) के अवसर पर गुरुवार को पर्ल एकेडमी, दिल्ली-पश्चिम (**Eros Building, District Centre**, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली) में खादी और भारतीय हस्तशिल्प को समर्पित विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और छात्रों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का '**Khadi for Nation**, **Khadi for Fashion**'मंत्र देते हुए खादी को स्थानीय से वैश्विक मंच तक ले जाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि 11वर्ष पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खादी के उत्थान का संकल्प लिया था। उनके उस संकल्प ने खादी को पूर्ण रूप से बदल दिया। उनके आह्वान पर 'विकसित भारत'के स्वप्न को पूरा करने के लिए अब हम सभी को सामूहिक प्रयास और अधिक जतन करने होंगे। हमें मिलकर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। हमें 'मेक इन इंडिया' के बल पर भारत को पूर्ण रूप से गरीबी मुक्त बनाना होगा।

## सोना 800 रुपए चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की लगातार खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए बंद स्तर पर रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये बढ़कर 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ यह बृहस्पतिवार के 1,02,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर गया। पिछले पांच सत्रों में सोने की कीमतों में 5,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है।अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका द्वारा स्विट्जरलैंड से आयातित एक किलो और 100 औंस सोने की छड़ों पर 39 प्रतिशत शुल्क लगाने के बाद सोने की कीमतों में तेजी आई है। इससे एक प्रमुख आपूर्ति मार्ग बाधित हुआ है और सर्राफा बाजार में नई अस्थिरता आई है।''

## ग्रीन एनर्जी -रिलायंस सौर ऊर्जा से बनाएगी 150 अरब यूनिट बिजली

**मुंबई।** रिलायंस ने कच्छ में सौर ऊर्जा प्लांट के लिए भूमि का विकास चालू कर दिया है। कंपनी की योजना यहां 150 अरब यूनिट बिजली निर्माण की है। कंपनी जल्द ही गुजरात के कांडला में 2 हजार एकड़ में ग्रीन कैमिकल के उत्पादन का काम भी शुरू करने जा रही है। कांडला और लकड़िया-1 में दो एनर्जी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट भी रिलायंस को मिले हैं। रिलायंस ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में सोलर पीवी, बैटरी स्टोरेज सिस्टम, ग्रीन हाइड्रोजन और कंप्रेस्ड बायोगैस से जुड़ी अपनी कुछ प्रमुख ग्रीन एनर्जी परियोजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी है। 2035 तक कंपनी ने नेट कार्बन ज़ीरो का लक्ष्य रखा है, और इसके लिए रिलायंस कई मोर्चों पर एकसाथ काम कर रही है। रिलायंस की सब्सिडियरी रिलायंस जियो 2030 तक 100 फीसदी ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल करने लगेगी। अपने लक्ष्य को पाने के लिए कंपनी ने 23,699 स्थानों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित किए हैं।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय पुत्र बृज मोहन निवासी भूतल और प्रथम तल, परिसर खसरा संख्या 558 के पास, ग्राम बामनोली, नई दिल्ली 110043** ने **CT Cases No. 896/2024, U/S 135 Indian Electricity Act, अन्तर्गत थाना द्वारका सेक्टर 23, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT Cases No. 896/2024, U/S 135 Indian Electricity Act, अन्तर्गत थाना द्वारका सेक्टर 23, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण–पश्चिम)
विशेष न्यायालय (विद्युत), न्यायालय संख्या 609
DP/10586/DW/2025(Court Matter) द्वारका जिला न्यायालय, नई दिल्ली

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## सब्जियों की कीमतों में गिरावट से घर का बना खाना हुआ सस्ता

**मुंबई।** सब्जियों की कीमतें कुछ कम होने के कारण जुलाई में घर पर बने शाकाहारी के साथ-साथ मांसाहारी भोजन की औसत लागत में कमी आई है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रोटी-चावल दर रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर 14 प्रतिशत घटकर 28.1 रुपये रह गई, जो पहले 32.6 रुपये थी। हालांकि, मासिक आधार पर इसमें चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जून में यह 27.1 रुपये थी। **मांसाहारी थाली 53.5 रुपए प्रति प्लेट :** मांसाहारी भोजन की कीमतें सालाना आधार पर 13 प्रतिशत और मासिक आधार पर दो प्रतिशत घटकर 53.5 रुपये प्रति प्लेट रह गईं। इसके निदेशक, पुशन शर्मा ने कहा, ''निकट भविष्य में, टमाटर की कीमतों के ऊंचे आधार के कारण थाली की कीमतें सालाना आधार पर कम रहने की उम्मीद है।

## नमस्ते इंडिया फूडस प्रा. लि. और आरएसपीएल वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा गाजियाबाद में, पर्यावरण स्थिरता को पुनः स्थापित करने के लिए प्रतिबद्धता!




**नई दिल्ली।** पांच अगस्त 2025 नमस्ते इंडिया फूडस प्रा. लि. (एनआईएफ प्रा. लि.) और आरएसपीएल वेल्फेयर फाउंडेशन, आरएवपीएल ग्रुप के एफसीएसआर शाखा गर्वपूर्ण, सदखुर तालाब जो मधुबन गाजियाबाद में स्थित है, का उद्घाटन करते हैं। उद्घाटन समारोह में विभिन्न गणमान्य अतिथि शामिल हुए जिनमें विक्रम आदित्य सिंह मलिक, निगमायुक्त, नगर निगम गाजियाबाद, केपी आनंद, महाप्रबंधक नगर निगम गाजियाबाद, एस कुमार, कार्यकारी अभियन्ता गाजियाबाद और सुश्री मानसी कनिष्ठ अभियन्ता, गाजियाबाद और सुश्री ममता मलिक, प्रमुख कारपोरेट कम्युनिकेशनस और सीएसआर तथा आरएसपीएल वेलफेयर फाउंडेशन और नमस्ते इंडिया फूडस प्रा. लि. के टीम सदस्यों सहित भाग लिया। इस समारोह में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया जिनमें पंचायत सदस्य और लोकल गर्वनिंग बॉडी के सदस्य भी उपस्थित हुए।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी गुरूग्राम | आशियाना स्कीम फ्लैट्स सेक्टर-47, गुरूग्राम की विशेष मरम्मत, सिविल कार्य, इलैक्ट्रिकल कार्य, पलम्बिंग कार्य, फायर अलार्म कार्य, अग्निशमन कार्य और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। (एक वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और रखरखाव समेत)। | 07.08.2025 20.08.2025 | 683.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1244805697 xenhsvp2ggm@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37501/I/88/7 दि. 08.08.25

## शब्द पहेली - 5953




**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5952 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |





# प्रियांश आर्या की विस्फोटक बल्लेबाजी, 52 बॉल पर जड़ा शतक

## आक्रामक पारी में लगाए 7 चौके और 9 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली प्रीमियर लीग में खिलाड़ी कमाल का खेल दिखा रहे हैं। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले प्रियांश आर्या ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 52 बॉल पर ही अपना शतक पूरा किया। इसमें उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए।

प्रियांश आर्या डीपीएल में आउट दिल्ली वॉरियर्स के लिए खेल रहे हैं। वे अपनी टीम के लिए ओपनिंग करने के लिए उतरे और मैदान पर पहुंचते ही चौके और छक्कों की लाइन सी लगा दी। उन्होंने पहले अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद केवल 52 बॉल खेलकर शानदार सैकड़ा पूरा किया। इसके बाद 56 बॉल पर 111 रन बनाकर वे आउट हो गए। अपनी इस आक्रामक पारी के दौरान उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 198.21 का रहा।



### आईपीएल में की थी शानदार बल्लेबाज

आईपीएल में इसी साल प्रियांश आर्या ने कमाल की बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 17 मैच खेलकर 475 रन बनाए थे। प्रियांश ने एक शतक और दो अर्धशतक अपने नाम किए थे। उनका औसत 27.94 का रहा था। बात अगर डीपीएल की करें तो आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम ने तीन मैच खेलकर अब तक केवल एक ही जीता है। टीम अभी दो अंक लेकर चौथे स्थान पर है। देखना होगा कि टीम और खुद प्रियांश आर्या कैसा प्रदर्शन करते हैं।



### करन गर्ग ने 24 बॉल पर बनाए 43 रन

कमाल की बात ये है कि जहां एक ओर प्रियांश आर्या ने शानदार सैकड़ा जड़ा, वहीं टीम का दूसरा कोई बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया। टीम के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर करन गर्ग ने किया, जिन्होंने 24 बॉल पर कमाल के 43 रन बनाए। उन्होंने दो छक्के और पांच चौके लगाने का काम किया। इन्हीं दो बल्लेबाजें की बदौलत टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 231 रन बना दिए।

## खबर संक्षेप




### पंजाब ने जीता सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब

**चेन्नई।** मनदीप सिंह के दो गोल की मदद से पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में झारखंड को 4-3 से हराकर खिताब जीत लिया।खिताबी मुकाबला काफी करीबी रहा, जिसमें आखिरी पलों तक दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। झारखंड ने दूसरे क्वार्टर में आशीष टानी पूर्ति (21वें) और अनीश डुंगडुंग (24वें) के गोल से बढ़त कायम की लेकिन पंजाब की टीम में दो मिनट के अंदर अक्षत सलारिया (29वें) और वरिंदर सिंह (30वें) के गोल से मध्यांतर से पहले स्कोर बराबर कर दिया।

### नेक्सो चैंपियनशिप : अहलावत 43वें, शुभंकर 77वें स्थान पर

**अबेरडीनशर (स्कॉटलैंड)।** भारत के वीर अहलावत एक ओवर 73 के स्कोर के साथ डीपी विश्व टूर की नेक्सो गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर के बाद 43वें स्थान पर हैं जबकि शुभंकर शर्मा खराब शुरूआत के बाद संयुक्त 77वें स्थान पर हैं। अहलावत ने पांच बर्डी लगाए, चार बोगी और एक डबल बोगी किया। शर्मा ने पहले दौर में तीन ओवर 75 स्कोर किया। दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड स्टर्न ने पहले दौर के बाद एक शॉट की बढत बना ली है।

### अर्जुन की बाजी ड्रॉ, विदित हुए उलटफेर का शिकार

**चेन्नई।** शीर्ष भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर (जीएम) जोर्डन वैन फॉरेस्ट के साथ अपनी बाजी ड्रॉ खेली तो वहीं विदित गुजराती को अमेरिका के रे रॉबसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी वी प्रणव के खिलाफ शानदार जीत से जर्मनी के विन्सेंट केमर मास्टर्स वर्ग की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गये है। दिन का सबसे बड़ी उलटफेर हालांकि रॉबसन ने गुजराती को हरा कर किया। अनीश और निहाल सरीन का मुकाबला बराबरी पर छूटा।

### अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी 10 भारतीय फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** सात महिलाएं समेत दस भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार को यहां अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज कर अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। महिला मुक्केबाजों में निशा (54 किग्रा), मुस्कान (57 किग्रा), विनी (60 किग्रा), निशा (65 किग्रा), आरती कुमारी (75 किग्रा), पारची टोकस (80+ किग्रा) के साथ-साथ पुरुषों की स्पर्धा में मौसम सुहाग (65 किग्रा), राहुल कुंडू (75 किग्रा) और हेमंत सांगवान (90 किग्रा) ने फाइनल का टिकट पक्का किया। कृतिका (80 किग्रा) को बिना किसी मुकाबले के फाइनल में जगह मिली है। भारत ने इस प्रतियोगिता में 40 मुक्केबाजों (प्रत्येक आयु वर्ग में 20) का एक मजबूत दल उतारा है। इसमें अनुभवी चैंपियनों और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है।

18 साल की एमबोको ने फाइनल में नाओमी को तीन सेट के कड़े मुकाबले में हराया

# नेशनल बैंक ओपन : टेनिस में नई चमक विक्टोरिया और शेल्टन बने चैंपियन

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

एमबोको और शेल्टन नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के नए चैंपियन बन गए हैं। महिला वर्ग में एमबोको ने ओसाका का मात दी। पुरुष एकल में बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए खाचानोव को हराकर खिताब अपने नाम किया है। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता।

### विक्टोरिया ने लगाई जबर्दस्त छलांग विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंची



### खिताब जीतने वाली बनीं कनाडा की तीसरी खिलाड़ी

इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वांइट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। उनसे पहले 2011 में सिनसिनाटी में मारिया शारापोवा और 2019 में इंडियन वेल्स में एंड्रीस्कू ने खिताब जीता था।

### बेन ने जीता तीसरा सबसे बड़ा खिताब



अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में तोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया।

करीब 15 साल बाद बदल सकते हैं नियम

# संशोधित राष्ट्रीय आयु धोखाधड़ी विरोधी संहिता पर परामर्श पूरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- खेलों में उम्र संबंधी धोखाधड़ी के खिलाफ मसौदा केन्द्रीय मंत्रिमंडल को भेजेगा खेल मंत्रालय

खेलों में उम्र संबंधी धोखाधड़ी के खिलाफ राष्ट्रीय संहिता (एनसीएएएफएस) 2025 के मसौदे को खेल मंत्रालय ने अगले सप्ताह केन्द्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजने की तैयारी कर ली है। इसमें आयु धोखाधड़ी उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के प्रावधान के साथ खिलाड़ियों की सही उम्र का पता लगाने के लिए एआई-आधारित हड्डी आंकलन की बात कही गई है। खेल मंत्रालय ने इस साल मार्च में एनसीएएएफएस को सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए ऑनलाइन पोस्ट किया गया था। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि यह प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। सूत्र ने कहा, '' लगभग 15 साल बाद संशोधित होने वाली इस संहिता को अगले सप्ताह मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। चूंकि यह एक संहिता है ऐसे में मंत्रिमंडल की मंजूरी ही पर्याप्त होगी।'' उन्होंने कहा, ''हमें आम जनता से बहुत सारी प्रतिक्रिया मिली और उन सभी की जांच की गई है। यह संहिता मोटे तौर पर उसी रूप में रहेगी, जिस तरह इसे इस साल परामर्श प्रक्रिया के लिए तैयार किया गया था।'' भारतीय खेलों में युवा और जूनियर स्तर पर आयु धोखाधड़ी एक बड़ी समस्या रही है, जहां चिकित्सा जांच के प्रावधानों के बावजूद अक्सर अधिक आयु के एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हुए पकड़े जाते हैं। संशोधित संहिता के अनुसार सभी इच्छुक और पंजीकृत खिलाड़ियों को आयु सत्यापन के लिए तीन अनिवार्य दस्तावेज जमा करने होंगे। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट/पैन कार्ड और स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र/मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र शामिल है। इसके बाद दस्तावेज़ सत्यापन भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) द्वारा किया जाएगा। मंत्रालय अब तक आयु धोखाधड़ी की घटनाओं का रिकॉर्ड नहीं रखता रहा है।इस तरह के मामलों के लिए अब तक 2010 की एनसीएएएफएस की मदद ली जाती थी लेकिन इसमें उल्लंघन करने वालों के लिए सजा का प्रावधान नहीं था। संशोधित संहिता में पहली बार अपराध करने वाले एथलीटों के लिए दो साल के प्रतिबंध की सिफारिश की गई है। दूसरी बार उल्लंघन करने पर आजीवन प्रतिबंध लगेगा और 'भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी।' संहिता में कहा गया है, ''सभी मौजूदा पंजीकृत एथलीट दस्तावेज को साइ या एनएसएफ को अनिवार्य तौर पर जमा करेंगे।

युवा क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी को मिली जगह

सितंबर में युवा टीम जाएगी आस्ट्रेलिया, वन डे और टेस्ट सीरीज में लेगी हिस्सा





एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारतीय मूल के दो क्रिकेटरों आर्यन शर्मा और यश देशमुख को अगले महीने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं, वहीं ऑलराउंडर देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें टीम में चुना गया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच टिम नीलसन कोचिंग देंगे। श्रृंखला की शुरुआत 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों से होगी। इसके बाद 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक ब्रिस्बेन में और 7 से 10 अक्टूबर तक मैकाय में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। नीलसन की अंडर-19 टीम के कोच के रूप में यह पहली श्रृंखला होगी। वह इससे पहले 2007 से 2011 तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं।

### ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम

साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मालजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैचमुंड, बेन गॉर्डन, विल बायरोम, केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर। रिजर्वः जेड हॉलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ओसबोर्न।

### रवींद्र, निकोल्स और कॉनवे के शतकों से न्यूजीलैंड ने 476 रन की बढ़त हासिल की

**बुलवायो (जिम्बाब्वे)।** रचिन रवींद्र, हेनरी निकोल्स और डेवोन कॉन्वे के बड़े शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर रिकॉर्ड 601 रन बना कर 476 रन की बढ़त हासिल कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय रवींद्र 139 गेंदों में 21 चौकों और दो छक्कों की मदद से 165 रन जबकि निकोल्स 150 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। इन दोनों खब्बू बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए अब 285 गेंदों में 256 रनों की अटूट साझेदारी कर ली है। न्यूजीलैंड ने इसके साथ ही नौ साल पहले इसी मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर चार विकेट 582 में सुधार किया। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 174 रन पर करने के बाद खेल के दूसरे दिन दो विकेट गंवाकर 427 रन बनाये। इससे पहले कॉन्वे 153 रन बनाकर ब्लेसिंग मुजरबानी का शिकार बने। उन्होंने दो साल के शतकों का सूखा खत्म करने के दौरान इस पारी में 18 चौके लगाये।

# सिनसिनाटी ओपन : वीनस पहले दौर में हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

जेसिका से 6-4, 6-4 से हारी



एक साल से अधिक समय तक खेल से दूर रहने के बाद पिछले महीने वापसी करने वाली वीनस विलियम्स सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो से 6-4, 6-4 से हारकर बाहर हो गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन को अब अमेरिकी ओपन में भाग लेना है, जहां उन्हें मिश्रित युगल में अपने जोड़ीदार रीली ओपेल्का के साथ वाइल्ड-कार्ड से प्रवेश मिला है।

वीनस ने अपनी बहन सेरेना के साथ महिला युगल में 14 ग्रैंड स्लैम और मिश्रित युगल में दो खिताब जीते हैं। दुनिया में 51वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 22 वर्षीय मानेरो का जब जन्म हुआ तब तक वीनस चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी थी। वह पिछले सप्ताह मांट्रियल में नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। 45 वर्षीय वीनस के खिलाफ यह उनका पहला मुकाबला था।

# सेंट जूड चैंपियनशिप : भाटिया ने खेला कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ कार्ड

एजेंसी ▶▶| मेम्फिस (अमेरिका)



भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेंट जूड चैंपियनशिप में बढ़त कायम कर ली। पीजीए टूर पर दो बार के विजेता 23 साल के भाटिया ने आखिरी कुछ होल में शानदार खेल दिखाया।

शुरुआती नौ होल में चार अंडर का स्कोर करने वाले भाटिया 11वें होल में बर्डी करने के बाद 12वें होल में बोगी कर बैठे। उन्होंने हालांकि इसके बाद कमाल की वापसी की। उन्होंने पांच शॉट वाले 16वें होल में ईगल लगाई और फिर आखिरी दो होल में लगातार दो बर्डी के साथ शीर्ष स्तर पर करियर का सबसे शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय ने दो बर्डी और दो बोगी की मदद से पार 70 का कार्ड खेला और वह संयुक्त रूप से 39वें स्थान पर है।

मेगा ऑक्शन में फ्रेंचाइजी ने 9.75 करोड़ में खरीदा था

# चेन्नई सुपर किंग्स छोड़ेंगे अश्विन, 9 साल बाद की थी वापसी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपनी इच्छा बता दी है। अश्विन ने 2025 के आईपीएल में ही 9 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स में वापस आई थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा था।

अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ही अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। 2010 से 2015 तक वह सीएसके का हिस्सा रहे। 2016 से 2024 तक वह दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स जैसी अलग-अलग टीमों के साथ खेले। 2025 में 9 साल बाद वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए दिखे थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, अश्विन ने सीएसके से अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने अपने फैसले के बारे में फ्रेंचाइजी को बता दिया है। वैसे उनके इस फैसले की वजह क्या है, इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



### सीएसके एकेडमी के डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस का पद छोड़ेंगे

अश्विन न सिर्फ सीएसके छोड़ने वाले हैं, बल्कि सीएसके एकेडमी के डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस का पद भी छोड़ने वाले हैं। उन्हें पिछले साल ही ये जिम्मेदारी मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन नहीं चाहते कि अगर वह किसी और फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ते हैं तो सीएसके एकेडमी से उनके जुड़ाव की वजह से हितों के टकराव जैसी स्थिति पैदा हो। इसलिए वह सीएसके के साथ-साथ उसकी एकेडमी से भी नाता तोड़ेंगे।

### पिछले सीजन प्रदर्शन नहीं था उम्मीद के मुताबिक

*आईपीएल 2025 के सीजन में रविचंद्रन अश्विन का प्रदर्शन बिल्कुल भी उम्मीद के अनुसार देखने को नहीं मिला था, जिसमें उन्हें 9 मैचों में खेलने का मौका मिला था और उसमें वह सिर्फ 40.43 के औसत से 7 विकेट ही हासिल करने में कामयाब हो सके थे। वहीं बल्ले से अश्विन सिर्फ 33 रन ही बना सके थे। अश्विन का आईपीएल में अब तक प्रदर्शन देखा जाए तो उन्होंने 221 मैचों में खेलते हुए कुल 187 विकेट हासिल किए हैं, जिसमें उनका औसत 30.22 का रहा है।*

## गृहमंत्री शाह ने सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का किया भूमिपूजन फिर विपक्ष पर कसा तंज

# 'घुसपैठिए' इनका बड़ा वोट बैंक, 'सर' से बचाकर बिहारियों की नौकरी खाएगी लालू एंड कंपनी

एजेंसी ▶▶ सीतामढ़ी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। सीएम नीतीश कुमार शिलान्यास व भूमि पूजन में उनके साथ रहे। शाह ने सीतामढ़ी से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह लालू प्रसाद पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है। मैं पूछने आया हूं मिथिलांचल वालों से कि मोदी को आतंकवादी को जवाब देना चाहिए या नहीं चाहिए? ऑपरेशन सिंदूर करना चाहिए या नहीं चाहिए? लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है कि नरेंद्र मोदी की सरकार है, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार है। यहां पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है। घुसपैठिए आरजेडी और कांग्रेस के वोट बैंक हैं, इसलिए सर के बहाने इन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है।



### घुसपैठियों को निकालने से क्यों रोक रहे लालू?

शाह ने कहा कि मैं जनता से पूछना चाहता हूं कि घुसपैठियों को मतदाता सूची से निकालना चाहिए या नहीं? आयोग को काम करना चाहिए या नहीं करना चाहिए? मुझे बताएं लालू प्रसाद किसे बचाना चाहते हैं? आज तक चुनाव आयोग को उनकी पार्टी ने एक भी ऑब्जेक्शन नहीं दिया। कांग्रेस ने एक भी ऑब्जेक्शन नहीं दिया। आप बचाना किसको चाहते हो? जो बांग्लादेश से आकर मेरे बिहार के युवाओं की नौकरी खा जाते हैं, उन्हें बचाना चाहते हो? मुझे बताओ मिथिलांचल वालो, सर के जरिए मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए?

### अयोध्या श्री राम मंदिर के बाद अब पुनौरा धाम का ऐश्वर्य दिखेगा

अयोध्या में श्री राम मंदिर के शिलान्यास के बाद लंबी लड़ाई चली थी। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में जब मंदिर का उद्घाटन हुआ, तभी से इस बात की चर्चा ने जोर पकड़ा था कि अब श्रीराम की अर्द्धांगिनी सीता माता के प्रकट-स्थल बिहार के सीतामढ़ी में भी अब जल्द ही भव्य मंदिर बनेगा। वह दिन आ गया है।

**यह मिथिलांचल और बिहार के भाग्योदय की शुरुआत**

शाह ने कहा कि मैं मिथिलांचल के लोगों से कह रहा हूं कि यह सिर्फ मंदिर नहीं है, बल्कि मिथिलांचल और बिहार के भाग्योदय की शुरुआत है। इसके साथ ही पूरे बिहार का विकास होगा।

### राहुल... 'सर' का काम नेहरू के जमाने से हो रहा

शाह ने राहुल गांधी पर भी जमकर बोला। उन्होंने कहा कि राहुल जी, बंद कीजिए वोट बैंकों की राजनीति। मतदाता पुनरीक्षण पहली बार नहीं हो रहा। आपके परनाना नेहरु जी ने पहली बार किया था। 2003 अंतिम बार हुआ था। पहले से ही बिहार चुनाव हारने का बहाना तैयार कर रहे हैं।

### लालू एंड कंपनी व कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कटिबद्ध हैं। एक जमाने में कांग्रेस का शासन था तो देश भर में बम धमाके होते थे। बम धमाके करके पाकिस्तान भाग जाते थे आतंकवादी। कोई पूछने वाला नहीं होता था। मोदीजी की सरकार तो उड़ी हमले के जवाब में हमने सर्जिकल स्ट्राइक किया। पुलवामा में हमला किया तो हमने एयर स्ट्राइक किया। पहलगाम में हमला किया तो ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया। और यह कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है।

### रेल मंत्री रहते लालू ने बिहार को कुछ नहीं दिया

लालू बिहार के रेल के विकास के लिए हर साल 1132 करोड़ रुपए खर्च करते थे। मोदी सरकार में सिर्फ 25-26 में 10 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट सिर्फ बिहार में रेल के विकास के लिए दिया है।

---

## टैरिफ पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले

# आपदाओं को अवसर में बदला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने टैरिफ की चुनौतियों पर कहा कि भारत ने कई बदलाव देखे हैं और हमेशा आपदा को अवसर में बदला है।

आज भी भारत की तरफ दुनिया के देख रही है और हमारे साथ काम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि ग्लोबल ग्रोथ में 16 फीसदी का योगदान भारत का है, हमारा शेयर मार्केट, करेंसी, विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से बढ़ रहा है। दुनिया आज भारत के 1.4 अरब लोगों के टैलेंट के साथ काम करना चाहती है। भारत का भविष्य उज्ज्वल है।

### भारत हर स्थिति में डटकर खड़ा रहा

पीयूष गोयल ने कहा कि ये भारत का समय है, पीएम मोदी भी पूरे देश का मनोबल बढ़ाते हुए कहा है कि भारत हर स्थिति में डटकर खड़ा है। हमारे किसान, उद्यमी, को चिंता करने की जरूरत नहीं है, नए वर्ल्ड ऑर्डर में भारत आगे रहने वाला है। भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई इकोनॉमी है और दुनिया ने इसका लोहा माना है।

### किसानों के हितों का ख्याल रखा

भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर उन्होंने कहा कि वे अपने डेयरी-एग्री प्रोडक्ट्स के लिए हमारे मार्केट को खोलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन हमने अब तक जो व्यापार समझौते किए हैं किसी में भी इन्हें नहीं खोला है और भारत सरकार ने हमेशा अपने किसानों के हितों का ख्याल रखा है, इनके साथ कोई समझौता नहीं किया है।

---

## 'नेक चिकन' के पास चीनी एयरबेस

# दावे में कोई सच्चाई नहीं: सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पिछले दिनों बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में एक पुराने एयरबेस को फिर से सक्रिय करने की खबरें सामने आई थीं। अब इस मसले पर भारत सरकार ने बांग्लादेश सरकार के हालिया बयान का हवाला देते हुए कहा है कि लालमोनिरहाट हवाई अड्डे को वर्तमान में सैन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की कोई योजना नहीं है।

एक लिखित सवाल के जवाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने संसद में ये जानकारी दी। भारत सरकार ने बांग्लादेश के लालमोनिरहाट हवाई अड्डे को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स और 26 मई 2025 को बांग्लादेश सेना के सैन्य संचालन निदेशक द्वारा दिए गए प्रेस ब्रीफिंग पर ध्यान दिया है।

### फिर भी नजर रख रहे

कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि बांग्लादेश ने स्पष्ट किया गया कि वर्तमान में लालमोनिरहाट हवाई अड्डे को सैन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित सभी घटनाक्रम पर नजर रख रही है और इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। यह एयरबेस भारत के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है, के बेहद करीब है। लालमोनिरहाट एयरबेस बांग्लादेश के रंगपुर डिवीजन में स्थित है और यह भारत-बांग्लादेश सीमा से मात्र 12-20 किलोमीटर और सिलीगुड़ी कॉरिडोर से लगभग 135 किलोमीटर दूर है। यह एयरबेस 1931 में अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र देशों की सेनाओं के लिए महत्वपूर्ण रहा। वर्तमान में यह बांग्लादेश वायुसेना के नियंत्रण में है, लेकिन कई दशकों से निष्क्रिय पड़ा है।

---

## एयर इंडिया सेफ्टी ऑडिट याचिका मामला

# सुप्रीम कोर्ट से खारिज, कहा- सिर्फ एक एयरलाइन पर ही निशाना क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका खारिज कर दी, जिसमें एयर इंडिया की



सुरक्षा व्यवस्था और मेंटेनेंस प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच के लिए रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक पैनल बनाने की मांग की गई थी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी से सवाल किया कि केवल उसी एयरलाइन को क्यों निशाना बनाया जा रहा है, जिसके साथ हाल ही में एक 'दुर्भाग्यपूर्ण हादसा' हुआ। पीठ ने कहा कि सिर्फ एयर इंडिया क्यों? बाकी एयरलाइंस का क्या? अगर कोई रेगुलेटरी मैकेनिज्म बनाना है, तो फिर आपने अन्य एयरलाइंस को अपनी याचिका में पक्षकार क्यों नहीं बनाया?

### अदालत की याचिका वापस लेने की सलाह

शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी जनहित याचिका वापस लेने और अगर कोई शिकायत है तो उचित मंच पर जाने की सलाह दी। अदालत ने कहा कि ऐसा आभास मत दीजिए कि आप अन्य एयरलाइंस से खेल रहे हैं। सिर्फ एयर इंडिया को क्यों निशाना बना रहे हैं, जिसके साथ हाल में एक दुखद हादसा हुआ है? सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम भी हर हफ्ते यात्रा करते हैं और स्थिति जानते हैं। यह एक त्रासदी थी, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण। यह समय किसी एयरलाइन की छवि खराब करने का नहीं है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109